12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में अध्यक्ष के सभी दायित्व का निर्वहन उपाध्यक्ष सम्पादित करेंगे।

14. न्यास में अवस्थित सभी दुकानों, किरायेदारों तथा शाखा मठ, विद्यालय का किराया/आय की संग्रह का दायित्व सचिव एवं सह–सचिवों का होगा। ये न्यास की आय को संकलन कर कोषाध्यक्ष को हस्तगत करायेगें तथा कोषाध्यक्ष उपरोक्त राशि को न्यास के खाते में जमा करेगें। इस कार्य में पुरी पारदर्शिता स्थापित की जायेगी।

15. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

16. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होनेवाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा–11, भारतीय दण्डविधान (I.P.C.) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/ मंदिर परिसर में रहनेवाले पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

18. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति का गठन किया जाता है:–

1. प्रॉ० श्री सुरेन्द्र मोहन झा (पुर्व कुलपति, ल०ना०मि०वि०वि०, दरभंगा)–	अध्यक्ष
2. पंडित श्री कमलाकांत झा (पुर्व अध्यक्ष, मैथिली अकादमी)–	उपाध्यक्ष
3. श्री जयशंकर झा, (पुर्व रीडर ल०ना०मि०वि०वि०, दरभंगा)–	उपाध्यक्ष
4. जिलाधिकारी, दरभंगा–	पदेन सचिव
5. प्रॉ० श्रीपति त्रिपाठी (प्राचार्य एवं अध्यक्ष, धर्मशास्त्र, का०सि०द०स०, वि०वि०)–	सह–सचिव
6. पंडित श्री दयाकांत मिश्र (से०नि०, वित्तपदा०, का०सि०द०स०, वि०वि०)–	कोषाध्यक्ष
7. कुलपति (ल०ना०मि० वि०वि०, दरभंगा)–	पदेन सदस्य
8. महारानी साहिबा अथवा उनके प्रतिनिधि–	सदस्य
9. डॉ० श्री संतोष कुमार पासवान–	सदस्य
10. डॉ० श्री अरूण कुमार गिरि, योग एवं आयुर्वेद चिकित्सक, पतंजलि केन्द्र, लहेरियासराय–	सदस्य
11. श्रीमति मधुबाला सिन्हा, समाज सेविका, भगवान दास मोहल्ला, दरभंगा–	सदस्य

उक्त आदेश के आलोक में **''श्री श्री माँ श्यामा मंदिर, माधेश्वर परिसर, ग्राम+पो0+थाना+जिला–दरभंगा''** के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसाकरते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

26 नवम्बर 2022

सं0 2931––बाबा श्री भुवनेश्वर धाम शिव मंदिर, ग्राम–चकभारो, अंचल–सिमरी बख्तियारपुर, पोस्ट–पहाड़पुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0–4636/22 है।

उक्त न्यास की व्यवस्था हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सहरसा का प्रस्ताव दिनांक–17/08/2022 को प्राप्त हुआ, जिसका चरित्र–सत्यापन पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संलग्न है। ग्रामीणों द्वारा अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में आम सभा दिनांक–05/08/2022 द्वारा 07 व्यक्तियों का प्रस्ताव दिया गया है। कोई अन्य प्रस्ताव या आपत्ति पर्षद को नहीं प्राप्त है।

उपरोक्त परिस्थिति में सभी तथ्यों पर विचारोपरांत एक योजना का निरूपण एवं इसके कार्यान्वयन हेतु निम्न न्यास समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–02/11/2022 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0–43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **बाबा श्री भुवनेश्वर धाम शिव मंदिर, ग्राम–चकभारो, अंचल–सिमरी बख्तियारपुर,**

पोस्ट–पहाड़पुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''बाबा श्री भुवनेश्वर धाम शिव मंदिर न्यास योजना, ग्राम–चकभारो, अंचल–सिमरी बख्तियारपुर, पोस्ट–पहाड़पुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''बाबा श्री भुवनेश्वर धाम शिव मंदिर न्यास समिति, ग्राम–चकभारो, अंचल–सिमरी बख्तियारपुर, पोस्ट–पहाड़पुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर उसमें राशि जमा तथा आवश्यकतानुसार निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होनेवाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक मे जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होनेवाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा–11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/ मंदिर परिसर में रहनेवाले पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक न्यास समिति गठित की जाती है:–

1.	श्री टंडन पुरूषोत्तम, पिता–कमल किशोर साहु ग्राम–भटपुरा, पोस्ट–पहाड़पुर, थाना–बख्यिारपुर, सहरसा।	– अध्यक्ष
2.	श्री मनीष, पिता–स्व0 जगदीश प्रसाद सिंह	–सचिव
3.	श्री सुधीर कुमार, पिता–स्व0 इन्द्रदेव प्रसाद सिंह	–कोषाध्यक्ष
4.	श्री अनिल कुमार वर्मा, पिता–स्व0 शीतल प्रसाद वर्मा	–सदस्य
5.	श्री भागवत प्रसाद, मेहता पिता–स्व0 रामेश्वर	–सदस्य
6.	श्री नवीन कुमार, पिता–स्व0 नन्नेद वर्मा	–सदस्य
7.	श्री रामदेव प्रसाद,पिता–स्व0 अशर्फी प्रसाद सिंह	–सदस्य

क्रमसं०–02–07 का पता–ग्राम–चकभारो, पोस्ट–पहाड़पुर, अंचल–सिमरी बख्तियारपुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा।

उक्त आदेश के आलोक में **''बाबा श्री भुवनेश्वर धाम शिवमंदिर, ग्राम–चकभारो, अंचल–सिमरी बख्तियारपुर, पोस्ट–पहाड़पुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा''** के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमिका हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

6 दिसम्बर 2022

सं0 3107––श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट–हेतनपुर,धमौन, वार्ड सं०–12,थाना+अंचल–पटोरी, जिला–समस्तीपुर, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0–4631/22है।

उक्त मठ की भूमि के संदर्भ में ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि एक फर्जी विन्ध्यवासिनी राय द्वारा मठ की भूमि को अवैध रूप से विक्रय किया जा रही है; जबकि उनका उक्त मठ से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। यह भी शिकायत प्राप्त हुई थी कि उक्त मठ में पूर्व जमुना दास महंत थे और उनके स्वर्गवास के पश्चात् बालदेव दास महंत हुए तथा उनके स्वर्गवास के पश्चात् श्री सियाराम सुभग दास मन्दिर का राग–भोग, पूजा–पाठ और भूमि की व्यवस्था करते थे एवं उक्त मन्दिर में लगभग 28 बी0 भूमि है। श्री सियाराम सुभग दास द्वारा खाता संख्या– 175 एवं 107 बिना पर्षद की अनुमति के 99 वर्ष के लिए पट्टा विवेकानंद मेमोरियल ट्रस्ट के मैनेजर विवेक के पक्ष में किया है। उक्त भूमि पूर्व में श्री प्रीतम साह, रामजी साह रैयत के रूप में थे और हाल सर्वे में मन्दिर के महंत बलदेव दास चेला–जमुना दास जाति बैरागी दर्ज है। इस संबंध में विवेक कुमार को निबंधित डाक द्वारा तथा थाना के माध्यम से सूचना दिनांक– 22/12/2021, दिनांक– 16/09/2021, दिनांक– 16/03/2022 को दी गयी, परन्तु वह पर्षद में कभी उपस्थित नहीं हुए, जो स्पष्ट करता है कि उक्त विवेकानंद मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव विवेक कुमार सिंह को उक्त फर्जी पट्टे के संबंध में कुछ भी कथन नहीं करना है। चूंकि बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 3 यह स्पष्ट करता है कि अधिनियम के सभी प्रावधान चाहे वह मन्दिर की स्थापना अधिनियम के पूर्व हुई हो या बाद, सभी परआच्छादित होगा। अधिनियम की धारा– 44 यह स्पष्ट करता है कि किसी भी मन्दिर के न्यासी/न्यासधारी/न्यास समिति/महंत को मन्दिर की भूमि को 03 वर्ष से अधिक का पट्टा करने का अधिकार नहीं है।

उपरोक्त के आलोक में श्री सियाराम सुभग दास द्वारा जो विवेक कुमार सिंह के पक्ष में पट्टा किया गया है, वह अनाधिकृत, क्षेत्राधिकार के बाहर है, तथा अप्रभावी एवं शुन्य है। इस संबंध में विन्ध्यवासिनी राय को किस अधिकार के तहत वह मन्दिर की भूमि का बिक्रय कर रहे है, जैसा कि ग्रामीणों की ओर से बहुत से विक्रय–पत्र की प्रति पर्षद में दाखिल की गयी है।

उन्हें निबंधित डाक दिनांक– 14/10/2022 को भेजा गया था कि पर्षद में उपस्थित होकर किसी प्रकार को कोई स्पष्टीकरण नहीं दाखिल किया है। दिनांक– 25/07/2022 को भी मन्दिर की व्यवस्था हेतु 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव न्यास समिति गठन किये जाने के संबंध में ग्रामीणों से तथा अनुमण्डल पदाधिकारी से नामों की मांग की गयी। अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा न्यास समिति गठन हेतु प्रस्ताव दिनांक– 26/09/2022 को प्राप्त हुआ तथा ग्रामीणों द्वारा भी दिनांक– 01/08/2022 को एक आमसभा करके 13 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद को दिया गया है।उपरोक्त प्रस्ताव के आलोक में मन्दिर की पूजा–पाठ, राग–भोग तथा मन्दिर की भूमि की सुरक्षा हेतु अस्थायी रूप से न्यास समिति का गठन का निर्णय लिया गया।

अतःपर्षदीय आदेश दिनांक– 26/10/2022 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट– हेतनपुर, धमौन, वार्ड सं०– 12, थाना+अंचल– पटोरी, जिला–समस्तीपुर** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम+पोस्ट– हेतनपुर, धमौन, वार्ड सं०– 12, थाना+अंचल– पटोरी, जिला–समस्तीपुर''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, ग्राम+पोस्ट– हेतनपुर, धमौन, वार्ड सं०– 12, थाना+अंचल– पटोरी, जिला–समस्तीपुर''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर उसमें राशि जमा तथा आवश्यकतानुसार निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक न्यास समिति गठित की जाती है:–

1. भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, पटोरी, जिला– समस्तीपुर – अध्यक्ष
2. श्री धर्मेन्द्र राय पिता– श्री लगन देव राय, ग्राम– हेतनपुर, – उपाध्यक्ष
3. श्री अरूण भाई चस्का पिता– स्व० सकलदेव राय, चांदपुर धमौन – सचिव
4. श्रीमति राणा देवी पति– श्री रणवीर राय, चांदपुर धमौन – उपाध्यक्ष
5. श्री रघुनाथ राय पिता– स्व० राम गुलेल राय, हेतनपुर धमौन – कोषाध्यक्ष
6. श्री राज कुमार राय पिता– स्व० भागदेव राय, हेतनपुर धमौन – सदस्य
7. श्री अर्जून पासवान पिता– स्व० छठु पासवान, चांदपुर धमौन – सदस्य
8. श्री सियाराम राय पिता– स्व० रामेश्वर राय, चांदपुर धमौन – सदस्य
9. श्री उमाकान्त राय पिता– स्व० सोनेलाल राय, चांदपुर धमौन – सदस्य
10. श्री अशर्फी राय पिता– स्व० जनक राय, हेतनपुर, धमौन – सदस्य
11. थानाध्यक्ष, पटोरी, जिला– समस्तीपुर – सदस्य

उक्त आदेश के आलोक में**''श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट– हेतनपुर, धमौन, वार्ड सं०–12, थाना+अंचल–पटोरी, जिला–समस्तीपुर''**के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

31 अगस्त 2022

सं0 1849—श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम–शंकर चौक, पोस्ट+थाना+जिला–सहरसा,बिहार राज्य धार्मिक न्यास,पर्षद के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या–4601/2021 है।

उक्त मन्दिर के संबंध में संचिका सन् 1987 से विचाराधीन है। पर्षद को बार–बार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि उक्त मन्दिर और उसकी भूमि पर स्थित विवाह भवन के दो ग्रुप द्वारा अलग–अलग स्वयं–भू न्यास समिति बनाकर पुरी सम्पत्ति से प्राप्त आय को निजी प्रयोग में लिया जा रहा है, जबकि पर्षद द्वारा किसी भी समिति को किसी भी प्रकार से कोई मान्यत नहीं दी गयी है और न पर्षद को इसकी जानकारी दी गयी तथा आरोप लगाया गया कि पिछले वर्ष 2012 से करोड़ों का घोटाला किया गया है, जिस संबंध में स्वयं–भू न्यास समिति के मंत्री रघूनाथ पंजीयार को निबंधित डाक द्वारा सूचना भेजकर पर्षद के समक्ष उपस्थित होने तथा ठाकुरबाड़ी और विवाह भवन के संबंध में उसका आय–व्यय विवरण, बजट के संबंध में रिपोर्ट की मांग की गयी।

स्वयं–भू न्यास समिति के सचिव उमेश पंजीयार द्वारा वर्ष 1999–2000 से 2001–02 में विवरण दाखिल किया गया। मन्दिर में 10 क0 भूमि है, पोखर है, 12 दुकानों आदि से 40,000/– रुपये आय प्रदर्शित करते हुए समर्पित की गयी थी। इसपर संदेह होने पर कुछ बिन्दुओं को अंकित करते हुए सही और स्पष्ट विवरण दाखिल करने हेतु दिनांक–29/10/2003 को पत्र भेजा गया है। इस संबंध में उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि ठाकुरबाड़ी की भूमि पर स्थित विवाह भवन मन्दिर की न्यास समिति के नियंत्रण में नहीं है और उसकी अलग से स्वयं–भू समिति है। ग्रामीणों द्वारा लगातार मन्दिर से होने वाली आय तथा विवाह मंडप के दुरूपयोग और निजी प्रयोग की शिकायत की जा रही है और पर्षद द्वारा नोटिस के उपरान्त भी विवाह मंडल से होने वाली आय तथा मन्दिर से होने वाली आय के संबंध में सत्य विवरण नहीं दी जा रही थी।

अनुमण्डल पदाधिकारी से उक्त मन्दिर की चल–अचल सम्पत्ति तथा लगाये गये आरोपों के संबंध में जाँच कर एक रिपोर्ट की मांग की गयी। अनुमण्डल पदाधिकारी ने अपनेप्रतिवेदन दिनांक–02/06/2014 में उल्लेख किया कि मन्दिर में 17 दुकानें, दो गोदाम और कुछ गुमटी है। एक 04 तल का विवाह भवन निर्मित है, जिसका निर्माण विधायक फंड और कुछ दानदाता द्वारा प्राप्त राशि से की गयी है और मन्दिर कैम्पस में एक बड़ा तालाब है, जिसकी बन्दोबस्ती की जाती है। मन्दिर में 05 दानपेटी है।आभुषण और नगद राशि भी चढ़ाया जाता है।

उपरोक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि अवैध रूप से संचालित स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा मन्दिर की लाखों रुपये वार्षिक की आय को निजी प्रयोग में लिया जा रहा है।

अतः पर्षद द्वारा न्यास समिति गठन किये जाने का निर्णय लिया गया और इस संबंध में अनुमण्डल पदाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी से 11 अच्छे धार्मिक चरित्र के व्यक्तियों के नामों की मांग की गयी, जो अप्राप्त रहा है। इसी बीच पुनः पक्षों द्वारा आरोप–प्रत्यारोप लगाया जाता रहा है। उन्हें पर्षद के आदेश पर पुनः अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा जाँच कर एक प्रतिवेदन की मांग दिनांक– 10/01/2018 को समर्पित की गयी, जिसमें उल्लेख किया गया कि मन्दिर की भूमि पर स्थित विवाह भवन का सोसायटी एक्ट में रजिस्ट्रेशन कराकर न्यास समिति, उसकी आय–व्यय रखते है और कथन करते है कि धार्मिक न्यास का अधिकार नहीं है, परन्तु इस संबंध में उक्त न्यास समिति के सचिव मृत्यूंजय पंजीयार, सचिव द्वारा कोई कागजात दाखिल नहीं किया गया है।

उपरोक्त सभी तथ्यों के साथ संचिका पर उपलब्ध समय–समय पर शिकायत, जाँच रिपोर्ट और मन्दिर तथा विवाह भवन की आय के दुरूपयोग के विचारोपरान्त सभी पक्षों को सुनने के पश्चात् पर्षद के आदेश दिनांक–10/08/2021 द्वारा नये रूप से न्यास समिति गठन करने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी से नामों की मांग की गयी। मन्दिर की स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा मन्दिर के नाम खाता जो पंजाब नेशनल बैंक में संचालित है, उसके पासबूक की प्रति दाखिल की गयी, जिसमें लगभग 7.5 लाख रुपये जमा थी तथा विवाह मंडप का संचालन कर रहे स्वयं–भू न्यास समिति के विजय पंजीयार द्वारा एक पासबूक की प्रति दाखिल की गयी और कथन किया गया कि विवाह मंडप से होनेवाली आय बैंक खाता में लगभग 09 लाख रुपये जमा है। उक्त राशि का दुरूपयोग नहीं हुआ है। इसलिए दोनों बैंक खाता की निकासी पर रोक संबंधी पत्र बैंक मैनेजर पत्र लिखा गया और स्पष्ट आदेश दिया गया कि मन्दिर और विवाह कल्याण समिति को नाम बैंक खाता खोला गया है, उनमें से किसी को भी पर्षद द्वारा मान्यता नहीं है और विवाह मंडप भी मन्दिर की भूमि पर बना हुआ है, जो मन्दिर की ही सम्पत्ति है।

अतः उसे सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट में निबंधित होने पर बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास पर्षद के क्षेत्राधिकार नहीं समाप्त हो जाता है और उक्त आदेश द्वारा अंचलाधिकारी से मन्दिर की वर्त्तमान चल–अचल सम्पत्ति खाता खेसरा नं तथा नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी से भी उपरोक्त की जानकारी हेतु पत्र लिखा गया तथा स्वयं–भू न्यास समिति को निर्देश दिया गया कि पिछले 05 वर्षो से जो मन्दिर की आय तथा विवाह मंडप से होने वाली आय है, उसका आय–व्यय विवरण पर्षद में दाखिल करें।

उपरोक्त आदेश के आलोक में मन्दिर की स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा पिछले 05 वर्षो की आय–व्यय विवरणी फरवरी, 2022 को दाखिल की गयी। परन्तु विवाह मंडप का संचालन कर रहे स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा आजतक कोई आय–व्यय विवरणी दाखिल नहीं की गयी।

पर्षद द्वारा न्यास समिति गठन किये जाने हेतु 10 से अधिक पत्र अनुमण्डल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी को विभिन्न तिथियों को भेजा गया, परन्तु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि उपरोक्त पदाधिकारियों द्वारा उस मन्दिर के व्यवस्था हेतु नामों की सूची आजतक नहीं भेजा गया। इसी बीच अक्टूबर, 2021 निर्मल कुमार गाड़ा द्वारा जो पूर्व में भी स्वयं–भू न्यास समिति के संबंध में लगातार शिकायत पर्षद को करते आ रहे है, उनके द्वारा एक आमसभा दिनांक–

12/01/2021 की प्रति संलग्न करते हुए उक्त आमसभा में लिये गये निर्णय के आलोक में 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया गया है तथा प्रस्ताव के आलोक में चरित्र सत्यापन भी जो वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त किया गया है, दिनांक– 23.12.2021 को पर्षद में दाखिल की गयी। मंदिर की स्वयंभू न्यास समिति द्वारा विगत वर्षों की आय–व्यय, पर्षद शुल्क जमा किया गया है और दुरूपयोग का कोई आरोप नहीं है।

उपरोक्त प्रस्तावित नामों को अनुमण्डल पदाधिकारी को पर्षद के पत्रांक–4435, दिनांक– 01/01/.2022 द्वारा संलग्न कर भेजा गया और उनसे उनका मंतव्य की मांग की गयी तथा नाम हटाना या जोड़ना चाहते हो तो इस संबंध में एक रिपोर्ट की मांग की गयी। पुनः स्मार पत्र दिनांक– 04/03/2022 को भेजा गया।

परन्तु उपरोक्त पत्रों के बाबजूद भी अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गयी। न कोई नाम का प्रस्ताव दिया गया और न मंतव्य दिया गया। अतः पर्षद के पास प्रस्तावित नामों की न्यास समिति बनाये जाने के अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं बचता है।

अतः ऐसी परिस्थिति में उपरोक्त राम जानकी ठाकुरबाड़ी के राग–भोग, पूजा–पाठ, दुकान आदि के किराये की बसूली और व्यवस्था तथा ठाकुरबाड़ी की भूमि पर स्थित विवाह भवन के संचालन हेतु निम्न न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए किया जाता है साथ ही मन्दिर की व्यवस्था हेतु योजना का निरूपण किया जाता है :–

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–26/07/2022 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम– शंकर चौक, पोस्ट+थाना+जिला– सहरसा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **"श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम– शंकर चौक, पोस्ट+थाना+जिला– सहरसा"** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **"श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, ग्राम– शंकर चौक, पोस्ट+थाना+जिला– सहरसा"** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा–11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या

अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता एवं वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक न्यास समिति 01 वर्ष हेतु अस्थायी रूप से गठित की जाती हैः–

1. अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, सहरसा	– पदेन अध्यक्ष
2. श्री शम्भु प्रसाद टेकरीवाल पिता– स्व० राधाकृष्ण टेकरीवाल	– उपाध्यक्ष
3. श्री राज कुमार भगत पिता– स्व० रामसेवक भगत	– सचिव
4. श्री देवनंदन प्रसाद पिता– स्व० राघो प्रसाद	–उप–सचिव
5. श्री कृष्ण कुमार सिन्हा पिता– स्व० बालेश्वर प्रसाद सिन्हा	– कोषाध्यक्ष
6. श्री अमरनाथ झा पिता– स्व० रामनाथ झा	– सदस्य
7. श्री निर्मल कुमार गाड़ा पिता– स्व० लक्ष्मी साह	– सदस्य
8. श्री दिनेश जैन पिता– स्व० भोगी लाल जैन	– सदस्य
9. श्री महावीर पंडित पिता– स्व० बहरी पंडित	– सदस्य
10. श्री अंजनी कुमार पिता– स्व० राय बहादुर प्रसाद	– सदस्य
11. श्री विजय पंजीयार पिता– स्व० रामदेव पंजीयार	– सदस्य

क्रम सं०– 2 से 11 का पता–ग्राम– शंकर चौक, पोस्ट+थाना+जिला– सहरसा।

उक्त आदेश के आलोक में**''श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम– शंकर चौक, पोस्ट+थाना+जिला– सहरसा''**के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

27 अगस्त 2022

सं0 1770— श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट– रामगंज, अंचल–कुमारखंड, (वार्ड सं०–06) रघुनियाँ, जिला–मधेपुरा,बिहार राज्य धार्मिक न्यास,पर्षद के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0–4511है।

पूर्व में उक्त मन्दिर के पुजारी के रूप में गोविन्द दास थे,उनके स्वर्गवास के बाद राजेन्द्र यादव उक्त मन्दिर में पूजा–पाठ, राग–भोग करने लगे। रामचन्द्र यादव के पुत्र सनोज यादव पर्षद में उपस्थित होकर कथन करते है कि 10–12 वर्षो से पुजारी के रूप में इनके पिता जी काम करते है और ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2017 में मन्दिर की 01 बी0 भूमि पूजारी के पूजा–पाठ, राग–भोग करने व उनके भरण–पोषण हेतु दी गयी है तथा कथन करते है कि मन्दिर की एक अन्य भूमि ग्रामीणों की स्वयं–भू समिति द्वारा बन्दोबस्ती कर पैसा बसूल किया जा रहा है। आगे कथन करते है कि मन्दिर की स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा बिना किसी पर्षद की अनुमति के न्यास की दुसरी भूमि पर ठाकुरबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में स्वयं–भू न्यास समिति के अध्यक्ष, जयकृष्ण यादव को नोटिस जारी की गयी और वे उपस्थित हुए। उनके द्वारा यह कथन किया गया कि ग्रामीण की आम सभा में पुजारी को 01 बी0 भूमि तथा शेष 04 बी0 भूमि सदानंद यादव पिता–बलदेव यादव को 70 हजार रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से 03 वर्ष के लिए दिया गया, परन्तु मापी करने पर 03 बी0 05 क0 जमीन ही हुई, लिहाजा 17 हजार रुपये प्रति बीघा की दर से 55 हजार रुपये प्रतिवर्ष की आमदनी होती है। आगे कथन करते है कि 2017 से 2020 तक 03 वर्षो में उक्त बन्दोबस्ती से 1,54,500/– रुपये प्राप्त हुआ, जिसमें ग्रामीणों के द्वारा यह प्रस्ताव दिया गया कि वर्त्तमान ठाकुरबाड़ी, आने–जाने के लिए लिए रास्ता का आभाव है, लिहाजा ठाकुरबाड़ी का अन्य भूमि जो मेन रोड के नजदीक है, जिसका खाता नं0–1060 खेसरा नं0–3527 एरिया 1.97 ए0 है; वहाँ नयी ठाकुरबाड़ी का निर्माण किया जा रहा था; जिस संबंध में ईट, बालू, गिट्टी, छड़ का क्रय किया और निर्माण में उपरोक्त राशि खर्च की गयी। इस संबंध में उनके द्वारा एक लिखित रिपोर्ट पर्षद के समक्ष उपस्थापित की गयी जो पर्षद को भेजा गया। इस प्रकार उनका कहना है कि उपरोक्त बन्दोबस्ती से जो राशि प्राप्त हुई, वह खर्च हो गयी। आगे कथन करते है कि पूर्व में न्यास समिति गठन करने के पूर्व पुजारी द्वारा सारी सम्पत्ति अपने प्रयोग में लें कर, उसे निजी लाभ लियाजा रहा है और कथन करते है कि पुराने ठाकुरबाड़ी में पहूँचने का कोई रास्ता नहीं है। इसलिए खेसरा संख्या– 2527 पर ठाकुरबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है, जो आधा निर्मित हो चुका है। इस संबंध में पर्षद के निरीक्षक द्वारा भी स्थल का निरीक्षण किया गया और यह पाया गया कि ठाकुरबाड़ी में गर्भगृह में सिंहासन पर श्री रामजानकी, बालगोपाल एवं श्री बजरंगवली जी की छोटी–छोटी प्रतिमा एवं शालीग्राम जी विराजमान है। गर्भगृह के वायी ओर दो अन्य कमरे निर्मित है। गर्भगृह एवं कमरा जीर्ण–शिर्ण अवस्था में है। ठाकुरबाड़ी के भवन के बाहरी दिवार के प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। ठाकुरबाड़ी के उत्तर पुजारी रामचन्द्र दास का निजी आवास है, जिसमें सपरिवार रहते है। ठाकुरबाड़ी के भवन के पश्चिम तरफ बांस आदि के वृक्ष है और यह भी उल्लेख किया

कि ठाकुरबाड़ी तक आने–जाने के लिए स्थानीय विनोद कुमार व अन्य लोग अपनी निजी जमीन का कुछ हिस्सा लिया गया है जो लगभग 400 फीट है जिसकी चौड़ाई 10 फीट है और इसी ठाकुरबाड़ी की भूमि पर अर्द्धनिर्मित भवन का निर्माण किया जा रहा है तथा राज्य सरकार की योजना के अन्तर्गत चाहरदिवारी का निर्माण भी कराया जा चुका है और जीर्ण–शिर्ण मन्दिर का कार्य भी किया जा रहा है तथा यह भी शिकायत प्राप्त हुई कि पुजारी सपरिवार गृहस्थ जीवन व्यतीत करते है और ठाकुरबाड़ी में स्थित बांस और फल को बेचते है। न्यास की भूमि को शुदभरना पर लगा दिया गया है। पिछले 15 वर्षो सेवह स्वयं सारी भूमि की आय रखते थे। पर्षद की पृच्छा पर पुजारी पुत्र द्वारा स्वीकार किया गया है। उन लोगों की अपनी दो–ढाई बिगहा जमीन है, जो ठाकुरबाड़ी के बगल में स्थित है। न्यास समिति के उपस्थित सदस्य द्वारा कथन किया जा रहा है कि पुजारी को मासिक खर्च निर्धारित कर दी जाए और ठाकुरबाड़ी की जो भूमि उसकी बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा करायी जाए, जिससे उक्त ठाकुरबाड़ी में स्थित पेड़, बांस आदि की सुरक्षा हो सके। चूंकि बार–बार आरोप लगाया जाता है कि पुजारी द्वारा फल, बांस को काटकर अवैध रूप से बेच दिया जाता है, जबकि पुजारी द्वारा इस बात से इन्कार किया जा रहा है।

उपरोक्त सभी परिस्थितियाँ यह स्पष्ट करती है कि उपरोक्त ठाकुरबाड़ी में पुजारी के रूप में कार्य कर रहे रामचन्द्र दास तथा ग्रामीणों के बीच सामंजस्य की कमी है, सभी पक्ष एक–दुसरे पर आरोप लगा रहे है। ऐसी स्थिति में एक न्यास समिति का गठन किये जाने की आवश्यकता महसूस की गयी। तद्नुसार अंचलाधिकारी से न्यास समिति गठन हेतु नामों की मांग की गयी तथा उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है ठाकुरबाड़ी की भूमि जो पूर्व से स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा बन्दोबस्ती की जाती है, उसे खुले डाक द्वारा स्वयं बन्दोबस्ती कराये, परन्तु उक्त भूमि का बन्दोबस्ती अभी नहीं हुआ है और उनके द्वारा 07 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद में न्यास समिति गठन हेतु दिनांक–05/04/2021 को भेजा गया है, जो संचिका पर उपलब्ध है, जिसका चरित्र सत्यापन हेतु दिनांक–19/04/2021, दिनांक– 16/06/2021 को भेजा गया, परन्तु थाना द्वारा किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट पर्षद को नहीं दी गयी है।

ऐसी स्थिति में न्यास समिति गठन को लम्बित रखना उचित प्रतीत नहीं होता है। उपरोक्त परिस्थिति में एक योजना का निरूपण करने एवं इसके कार्यान्वयन हेतु न्यास समिति का गठन 01 वर्ष के लिए अस्थायी रूप से करने का निर्णय लिया गया।

अतः पर्षदीयआदेश दिनांक–27/07/2022 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट– रामगंज, अंचल– कुमारखंड, (वार्ड सं०– 06) रघुनियाँ, जिला–मधेपुरा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, रघुनियाँ, जिला–मधेपुरा** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, रघुनियाँ, जिला–मधेपुरा** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है।न्यास / मठ / मंदिर परिसर में किसी प्रकार के पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता एवं वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक न्यास समिति 01 वर्ष हेतु अस्थायी रूप से गठित की जाती हैः–

1. अंचलाधिकारी, कुमारखंड, जिला– मधेपुरा–	अध्यक्ष।
2. श्री जयकृष्ण यादव पिता– स्व० लालचन्द्र यादव–	सचिव।
3. श्री भवन यादव पिता– स्व० श्रीलाल यादव	उप–सचिव
4. श्री जगलाल यादव पिता– स्व० जगदीश यादव	कोषाध्यक्ष।
5. श्री देवनारायण यादव पिता– स्व० महेश्वरी यादव–	सदस्य।
6. श्रीमति मीरा देवी पति– श्री कुशो शर्मा	सदस्य।
7. श्री मनुवंश कुमार भाष्कर पिता– शंभू यादव	सदस्य।

क्रम सं०– 2 से 7 का पता–श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट–रामगंज, अंचल–कुमारखंड, (वार्ड सं०–06) रघुनियाँ, जिला– मधेपुरा।

उक्त आदेश के आलोक में **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट–रामगंज, अंचल–कुमारखंड, (वार्ड सं०–06) रघुनियाँ, जिला–मधेपुरा**के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

30 अगस्त 2022

सं0 1821––श्री रामजानकी मंदिर, ग्राम–रामचन्द्रपुर दशहरा, पोस्ट–दशहरा, थाना–मोहनपुर (ओ०पी०), अंचल–मोहनपुर, जिला–समस्तीपुर, बिहार राज्य धार्मिक न्यास, पर्षद के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0–3180है।

उक्त मंदिर और उसकी सम्पति की सुरक्षा हेतु दिनांक– 22/05/2013 को न्यास समिति का गठन किया गया था, परन्तु कालान्तर में समिति के अध्यक्ष, श्री अमरेन्द्र कुमार यादव के विरूद्ध यह शिकायत प्राप्त हुई कि उनके द्वारा मंदिर के $1\frac{1}{2}$ बीघा पोखर के उपर अपना आधिपत्य बना लिया है तथा कोषाध्यक्ष, श्री सुमन राय ने मंदिर का लगभग 16 कट्ठा जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और उसमें लगे पेड़ों को काटकर बेच रहे हैं, इस संबंध में उनको पर्याप्त रूप से सुनवाई का अवसर हेतु नोटिस जारी किया गया तथा इस संबंध में भूमि सुधार उप समाहर्ता से भी एक प्रतिवेदन की मांग की गयी। उपसमाहर्ता द्वारा दिनांक–10/12/2013 को प्रतिवेदित किया गया कि समिति की बैठक आयोजित नहीं की जाती है तथा अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष मठ के प्रति संवेदनशीलता नहीं रखते हैं और मठ की भूमि अतिक्रमित कर ली गयी है तथा मठ के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पुनः उपरोक्त दोनों व्यक्तियों से पर्षद द्वारा कारण पृच्छा की मांग की गयी, जिस पर उनके द्वारा प्रार्थना–पत्रसमर्पित किया गया कि वह अब न्यास समिति में नहीं रहना चाहते हैं तथा कोषाध्यक्ष, सुमन राय द्वारा अपना प्रति–उत्तर असंतोषजनक रूप से दिया गया।

उपरोक्त तथ्यों पर विचारोपरान्त उपरोक्त दोनों व्यक्तियों को पर्षदीय आदेश दिनांक–27/11/2014 द्वारा समिति के कार्यों से मुक्त कर दिया गया। समिति द्वारा वर्ष 2013–14, 2014–15 में मंदिर की आय मात्र 12 हजार रू0 के लगभग दर्शित की गयी, जबकि उक्त मंदिर में 24 बीघा, 17 कट्ठा 02 धुर भूमि है। तत्कालिन सचिव द्वारा पर्षद को मंदिर की भूमि के अतिक्रमण तथा मंदिर के समिति द्वारा बैठक नहीं किये जाने आदि के संबंध में बार–बार पत्र लिखा जाता रहा। उक्त मठ की कुछ भूमि राष्ट्रीय सड़क निर्माण योजना के तहत अधिग्रहित की गयी है तथा भू–अर्जन कार्यालय के पत्रांक–169, दिनांक–20/02/2017 से स्पष्ट होता है कि खेसरा सं0–1385 का 0.195 एकड़ तथा खेसरा सं0–1421 का 0.18 एकड़ जमीन लिया गया, जिसके मुआवजे के रूप में लगभग 17 लाख रू0 की राशि निर्धारित की गयी है। वह सम्पति सार्वजनिक धार्मिक न्यास

श्री राम जानकी मंदिर की है और उसके महंत सरयुग दास का स्वर्गवास बहुत पूर्व हो चुका है और वर्तमान में उक्त मंदिर का संचालन न्यास समिति द्वारा किया जा रहा है और वर्ष 2013 में गठित न्यास समिति का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका है।

सचिव के आवेदन से भी स्पष्ट होता है कि पूर्व न्यास समिति के सचिव, श्री अशोक राय द्वारा हीं पर्षद में लगातार पत्राचार उक्त मंदिर और मंदिर की सम्पति की सुरक्षा हेतु तथा अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाई करने हेतु किया जाता रहा है तथा न्यास समिति का कार्यकाल समाप्त हो जाने के पश्चात ग्रामीणों द्वारा एक आम सभा दिनांक– 30/12/2021 को आयोजित किया गया और 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव कर न्यास समिति गठन हेतु दिनांक– 19/01/2022 को उपलब्ध कराया और दूसरी तरफ न्यास समिति गठित किये जाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को दिनांक– 21/12/2021, 10/02/2022 एवं 31/05/2022 को भेजा गया तथा साथ में प्रस्तावित नामों की सूची भी भेजी गयी कि इस संबंध में अपना मंतब्य दें और यदि कुछ नामों को जोड़ना या हटाना चाहते हों तो इसकी भी सूचना पर्षद को दें, परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी से आज तक किसी प्रकार का कोई भी प्रस्ताव पर्षद को नहीं प्राप्त हुआ और न्यास समिति के अभाव में मंदिर की सम्पति से संबंधित भूमि लगातार अतिक्रमणकारियों द्वारा अपने कब्जे में लेकर उसका निजी प्रयोग किया जाता है।

तदनुसार पर्षद यह विचार करती है कि अब आगे और अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रों का प्रतीक्षा करना उचित नहीं है और प्रस्तावित नामों का चरित्र सत्यापन रिपोर्ट भी दिनांक– 16/04/2022 को प्राप्त हो चुका है, जिसमें प्रस्तावित नामों के विरूद्ध किसी प्रकार का कोई अपराधिक मामला का उल्लेख नहीं किया गया है।

उक्त प्रस्तावित नामों पर विचार करते हुए ठाकुरबाड़ी की नियमित राग–भोग, पूजा–पाठ तथा मंदिर और मंदिर की भूमि की सुरक्षा हेतु एक योजना का निरूपण एवं इसके कार्यान्वयन हेतुअस्थायी रूप से 01 वर्ष हेतु न्यास समिति गठन करने का निर्णय लिया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक– 21/07/2022 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री रामजानकी मंदिर,ग्राम–रामचन्द्रपुर दशहरा, पोस्ट–दशहरा, थाना– मोहनपुर (ओ०पी०), अंचल– मोहनपुर, जिला–समस्तीपुर** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **श्री रामजानकी मंदिर न्यास योजना, ग्राम–रामचन्द्रपुर दशहरा, पोस्ट–दशहरा, थाना–मोहनपुर (ओ०पी०), अंचल–मोहनपुर, जिला–समस्तीपुर** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **श्री रामजानकी मंदिर न्यास समिति, ग्राम–रामचन्द्रपुर दशहरा, पोस्ट–दशहरा, थाना–मोहनपुर (ओ०पी०), अंचल– मोहनपुर, जिला–समस्तीपुर** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभ उठाते पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्ठभूमि, आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

12.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य **''पशु की क्रुरता एवं वध''** होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

13.इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 07 सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

1. श्री शशि कान्त मिश्रा	– अध्यक्ष
2. श्री श्याम चौपाल	– उपाध्यक्ष
3. श्री अनिल यादव	– सचिव
4. श्री राकेश मेहता	– कोषाध्यक्ष
5. श्री विद्यानंद दास	– सदस्य (संरक्षक एवं धार्मिक आयोजन हेतु अधिकृत)
6. श्री परमेश्वरी मंडल	– सदस्य
7. श्री भागवत राम	– सदस्य

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि **''कबीरमठ, ग्राम–बेंगवाही, पो0–परसाहाट, थाना+अंचल–रानीगंज, जिला–अररिया''** के नाम में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। थाना से चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर न्यास समिति को स्थायी किये जाने पर विचार किया जायेगा।

नोटः–**न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।**

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

18 जून 2022

सं0 1124––श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम–महाराजी, पो0–हरपट्टी, थाना–जानकी नगर, जिला–पूर्णियॉ पर्षद के अंतर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन संख्या–4223/2012 है। पूर्व में उपेन्द्र यादव व अन्य द्वारा निजी होने का दावा किया जाता रहा है, जिसमें पक्षों को सुनने के पश्चात् दिनांक–12.08.2014 को निजी होने के दावे को निरस्त करते हुए, उसे सार्वजनिक धार्मिक न्यास घोषित किया गया है। मन्दिर की मूर्त्ति चोरी हो गयी थी, जो बरामद हो गयी, जिसका जी0 आर0 संख्या–3324/12 के रूप में विचार किया गया, जिसमें उक्त उपेन्द्र यादव द्वारा उन मूर्त्तियों को अपना निजी होने का दावा किया गया है, जिसे न्यायिक दण्डाधिकार द्वारा दिनांक–24.08.2017 को उनके दावे का निरस्त

करते हुए उन मूर्त्तियों को व्यक्तिगत नहीं माना गया तथा खतियान में भी **श्री राम जानकी मन्दिर** जिसके सेवायत के रूप में **राम लखन दास का नाम इन्द्राज** है। उक्त मन्दिर की नियमित पूजा–पाठ, व्यवस्था हेतु न्यास समिति न्यास समिति गठन किये जाने हेतु नामों की मांग पिछले 03 वर्षो से की जा रही थी। दिनांक–26.12.2020 को अनुमण्डल पदाधिकारी के पत्रांक–2618 द्वारा 11 सदस्यों के नामों का प्रस्ताव प्राप्त हुआ, जिसका चरित्र सत्यापन भी दिनांक–29.10.2021 को प्राप्त हो चुका है। जिसमें प्रस्तावित नामों के विरूद्ध किसी प्रकार के आपराधिक इतिहास नहीं होने का उल्लेख कियाहै।

अतः पर्षद के माननीय सदस्य महंत विजय शंकर गिरि की उपस्थिति में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक–09.05.2022 द्वारा ''**श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम–महाराजी, पोस्ट–हरपट्टी, थाना–जानकी नगर, जिला–पूर्णियॉ**'' के सुचारू प्रबंधन, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम–महाराजी, पो0–हरपट्टी, थाना–जानकी नगर, जिला–पूर्णियॉ**'' होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम–महाराजी, पो0–हरपट्टी, थाना–जानकीनगर, जिला–पूर्णियॉ**'' होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक्, संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा और आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का कोई धार्मिक आयोजन करता है और उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसी प्रकार न्यास समिति को मंदिर के विकास या संरचना मद में 10 लाख रूपये या उससे अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उस अनुमानित खर्च का विवरणी प्रस्तुत कर पूर्वानुमति न्यास समिति को प्राप्त करना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

6. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मंदिर की भूमि बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा।

7. न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रति वर्ष न्यास का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

8. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

9. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

10. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

11. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

12. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

13. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 11 सदस्यों की न्यास समिति का गठन 05 वर्ष के लिए किया जाता है :–

अतः प्रस्तावित नामों की न्यास समिति का गठन किया जाता है साथ ही मन्दिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण किया जाता है :–

1. श्री निषेध कुमार यादव, पिता–श्री गुरू प्रसाद यादव – अध्यक्ष
2. श्री सच्चिदानंद यादव पिता–स्व0 विसुनदेव यादव –उपाध्यक्ष
3. श्री संतोष कुमार सुमन, पिता–श्री महेन्द्र यादव –सचिव
4. श्री विनोद कुमार मंडल, पिता–श्री महेन्द्र मंडल –कोषाध्यक्ष
5. श्री विद्यानन्द यादव पिता–श्री गणेश प्रसाद यादव –सदस्य
6. श्री रौशन शर्मा, पिता–श्री नंदलाल शर्मा –सदस्य
7. श्री सुबोध कुमार ठाकुर पिता–श्री बिन्देश्वरी ठाकुर –सदस्य
8. श्री अवधेश मंडल पिता–श्री विद्यानंद मंडल –सदस्य

9. श्री नित्यानंद पासवान, पिता–श्री रब्बी पासवान –सदस्य
10. श्री रंजीत ऋषि, पिता–श्री सरेश ऋषि –सदस्य
11. श्री सुरेन्द्र राम, पिता–श्री डोमीराम –सदस्य

सभी साकिन–महाराजी पो0–हरपट्टी, थाना–जानकीनगर, जिला–पूर्णियाँ।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि **''श्री राम जानकी मंदिर, महाराजी, हरपट्टी, पूर्णियॉ''** के नाम में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/ पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमिका हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदी पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

2 जुलाई 2022

सं0 1181––जगरनाथ धर्मशाला, लाईन बाजार, पूर्णियॉ पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन संख्या–1902 है। **ध**र्मशाला के प्रबंधन के लिए न्यास समिति गठन हेतु दिनांक–28.05.2022 को सुनवाई कर विस्तृत आदेश पारित किया गया।

धर्मशाला की स्थापना मो0 जानकीवती चौधराईन पति जगरनाथ चौधरी द्वारा निबंधित दान–पत्र दिनांक–19.04.1943 द्वारा धर्मशाला बनाकर समर्पित की थी। यह धर्मशाला दो मंजिला भवन, जो पूर्णियॉ के वार्ड नं0–19, हो0 नं0–14 में स्थित है। धर्मशाला के संबंध में तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को अपनी रिपोर्ट दिनांक– 02.10.1996 भी समर्पित की थी, जिसके अनुसार धर्मशाला लाईन बाजार में खजांची हाट से पूरब स्थित है। जिसमें 11 कमरे, 02 आँगन है। शौचालय, स्नानागार की व्यवस्था है और मुख्य भाग में 06 दुकाने भी है। वसीयतनामा में उल्लेख किया गया है कि धर्मशाला में बहुत से लोग आते है और रूकते है, आराम करते है तथा उल्लेख किया है कि प्रार्थीनी के जीवन का कोई ठिकाना नहीं है और उनकी ईच्छा है कि **धर्मशाला हमेसा जारी रहे व नाम निशान बाबू जगरनाथ चौधरी का चलता रहे। इसी उद्देश्य से उनके द्वारा 20 हजार 02 रुपये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, पूर्णिया में श्री जगरनाथ धर्मशाला वजरिये बाबू रामचन्द्र प्रसाद जमा करा दिया है। उल्लेख किया कि जो बर्तन की दुकान है जिसकी कीमत लगभग 04 हजार 01 रुपया है, वह भी धर्मशाला के नामत अर्पण किया है और धर्मशाला के इन्तेजामकार रामचन्द्र प्रसाद एवं ट्रस्टी रामचन्द्र प्रसाद, भूवनेश्वरी लाल चौधरी एवं बाबू बृज मोहन केडिया के ट्रस्टीयान मजकुर मोकर्रर किया।** उक्त वसीयत में ही यह उल्लेख है कि बाबू रामचन्द्र प्रसाद ट्रस्टी अपने बाल–बच्चा के साथ निचला मकान पोख्ता में रहेंगे और बादस्तुर बर्तन की दुकान चलायेंगे तथा जायसवाल प्रिंटिस प्रेस कटिहार की धर्मशाला की निगरानी करें और प्रिंटिस प्रेस तथा बर्तन की दुकान की आमद तथा शुद से प्राप्त पैसा धर्मशाला के खाता में जमा करेंगे इस एवज में 60 रुपया माहवारी भी अपना ले लिया करेंगे।उक्त समर्पणनामा पर विचारोपरान्त पर्षद ने उक्त धर्मशाला जो पूणित कार्य के लिए स्थापित की गयी थी, उसे सार्वजनिक प्रकृति का मानते हुए निबंधन किया है ।

धर्मशाला के प्रबंधन हेतु पर्षद के ज्ञापांक–1438 दिनांक– 16.6.1996 द्वारा अधिसूचना निर्गत कर न्यास समिति का गठन किया गया। न्यास समिति का कार्य–कलाप के संबंध में तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को प्रेषित अपनी रिपोर्ट दिनांक–02.10.1996 में उल्लेख किया कि समिति के अध्यक्ष सीताराम जायसवाल वह, समिति को हिसाब–किताब उचित रूप से नहीं दिया जाता था तथा समिति के सदस्यों ने ही आपस में एक–दुसरे के विरूद्ध मुकदमा दाखिल कर रखा था। 1996 में गठित न्यास समिति के विरूद्ध भी कुछ शिकायत प्राप्त हुई तथा हरेन्द्रनाथ चौधरी द्वारा नयी न्यास समिति बनाये जाने का प्रार्थना–पत्र दिया गया, जिसमें न्यास समिति से स्पष्टीकरण की मांग की गयी और दुसरी बार 19.06.2001 को न्यास समिति द्वारा आय–व्यय विवरण दाखिल की गयी। विशेष परिस्थितिवश उक्त अनियमितता के बावजूद न्यास समिति का गठन नहीं किया जा सका । वर्ष 1996 में गठित न्यास समिति के अधिकांश सदस्य का स्वर्गवास हो चुका है। इस संबंध में दिनांक–06.06.2012 को भी न्यास समिति के सचिव सत्यनारायण जायसवाल से भी न्यास समिति को भंग करने तथा नयी न्यास समिति बनाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी।

उपरोक्त सभी परिस्थितियाँ यह स्पष्ट कर रही थी कि पिछले लगभग 20 वर्षो से धर्मशाला की स्थिति कुव्यवस्था का शिकार थी और उसकी स्थिति दिन–प्रतिदिन खराब होती जा रही थी। इसी बीच न्यास समिति द्वारा धर्मशाला के पूर्व इन्तेजामकार रामचन्द्र चौधरी के पुत्र हेमनारायण चौधरी के विरूद्ध एक हकीयत वाद 188/91 दाखिल किया गया था, चूंकि समर्पणनामा में उल्लेखित शर्त के अनुसार रामचन्द्र चौधरी को दानकर्त्ता ने मकान उनके जीवनकाल तक उनके परिवार के साथ रहने के लिए दिया था, परन्तु उनके पुत्रों द्वारा पुरे मकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। उक्त वाद एक पक्षीय रूप से दिनांक–25.04.2009 में न्यास समिति के पक्ष में निर्णित हुआ था, परन्तु इसी बीच प्रतिवादी हेमनारायण चौधरी के स्वर्गवास के पश्चात् उनके पुत्र संजीत चौधरी और रंजीत चौधरी को पक्षकार बनाया गया था। उक्त आदेश के विरूद्ध मिस0 केश 22/09 दाखिल किया। जिसमें पूर्व के आदेश दिनांक–25.04.2009 को निरस्त करते हुए पुनः सुनकर निर्णय किये जाने का आदेश पारित किया गया, जिसके विरूद्ध जगरनाथ धर्मशाला द्वारा माननीय उच्च न्यायालय वाद संख्या–89/2011 दाखिल किया गया और उक्त निगरानी भी दिनांक–29.08.2013 को निरस्त हुआ तथा मिस वाद 22/09 में पारित आदेश में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं पायी गयी। उपरोक्त तथ्य यह स्पष्ट करता है कि हकीकत वाद 188/91 वर्त्तमान में

विचाराधीन है। पर्षद की जानकारी में यह भी तथ्य लाया गया कि राजेश कुमार भगत जो गौरी शंकर भगत के पुत्र है, इनके द्वारा मिस0 केश 23/2013 दाखिल किया गया है, जिसमें न्यास समिति के सदस्य, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को भी पक्षकार बनाया गया है। उक्त वाद भी वर्त्तमान में विचाराधीन है। इसमें किसी प्रकार की कोई अंतिम आदेश नहीं पारित है।

उपरोक्त बिन्दुओं पर सभी पक्षों को विस्तारपूर्वक दिनांक–10.12.2020, 23.02.2021, 27.03.2021 को सुना जा चुका है और निर्णय लिया गया कि उक्त सार्वजनिक पूणित कार्य हेतु गठित संस्था (धर्मशाला) में दानकर्त्ता की ईच्छानुसार उचित प्रबंधन के लिए वर्ष 1996 में गठित न्यास समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और अधिकांश सदस्यों का स्वर्गवास हो गया है और किसी भी न्यायालय द्वारा किसी प्रकार का कोई अंतरिम आदेश भी नहीं है। न्यास समिति गठन किये जाने के संबंध में ग्रामीणों की आमसभा दिनांक–12.01.2020 को आयोजित की गयी और उनके द्वारा 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव न्यास समिति के लिए तथा 04 व्यक्ति संरक्षक के रूप में रखे जाने का प्रस्ताव पर्षद को उपलब्ध कराया गया। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा पत्रांक–755, दिनांक–07.08.2020 द्वारा 14 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव भेजा।

दिनांक– 28.05.2022 को पर्षद के मा0 सदस्य श्री चंदन सिंह और अध्यक्ष की उपस्थिति में धर्मशाला के संप्रबंधन हेतु न्या समिति के गठन के बिन्दु पर सुनवाई रखा गया हैं । आज पर्षद के समक्ष श्री दिवाकर चौधरी, अशोक जयसवाल, प्रिंस जयसवाल, संजीव कुमार तथा द्वितीय पक्ष राजेश जायसवाल, ओमनाथ चौधरी, राजेश कुमार भगत पुत्र गौरी शंकर भगत उपस्थित है। न्यास समिति गठन के बिन्दु पर सभी पक्षों को विस्तार पूर्वक सुना गया।

अतः उपरोक्त सभी परिस्थितियों पर विचार करते हुए पर्षद के माननीय सदस्य श्री चंदन सिंह की उपस्थिति में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक– 28.05.2022 के द्वारा ''**जगरनाथ धर्मशाला, लाईन बाजार, पूर्णियॉ, जिला– पूर्णियॉ**'' के सुचारू प्रबंधन, जीर्णोद्धार, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए आमसभा तथा अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा प्राप्त नामों में से अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए न्यास समिति का गठन किया जाता है और यदि कार्य संतोषजनक पाया गया और चरित्र सत्यापन प्राप्त होने पर स्थायी किये जाने पर विचार किया जायेगा।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**जगरनाथ धर्मशाला, लाईन बाजार, पूर्णियॉ, जिला– पूर्णियॉ**'' होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''''**जगरनाथ धर्मशाला, लाईन बाजार, पूर्णियॉ, जिला– पूर्णियॉ**'' होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य धर्मशाला का जीर्णोद्धार, सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन करना होगा।

3. न्यास समिति को निर्देश दिया जाता है कि सर्वप्रथम धर्मशाला के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोले और जैसा कि उपस्थित सदस्य द्वारा कथन किया गया है क समाज के बहुत से लोग धर्मशाला के जीर्णोद्धार तथा जमीन पर दानकर्त्ता की ईच्छानुसार कन्या विद्यालय के लिए राशि देने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में उन्हें निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त सूची पर्षद के समक्ष दें औरकोई निर्माण करने के पूर्व पर्षद से अनुमोदन प्राप्त कर ले और सभी मिलकर उस धर्मशाला का जीर्णोद्धार आम जनता को अधिक से अधिक सुविधा तथा धर्मशाला की आय बढ़ाने का प्रयास करे।

4. न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का कोई धार्मिक आयोजन करता है और उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसी प्रकार न्यास समिति को धर्मशाला के विकास या संरचना मद में 10 लाख रूपये या उससे अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उस अनुमानित खर्च का विवरणी प्रस्तुत कर पूर्वानुमति न्यास समिति को प्राप्त करना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

6. न्यास समिति किसी भी सदस्य को धर्मशाला की भूमि बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा।

7. न्यास समिति अधिनियम एवं उप– विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

8. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

9. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जोगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

10. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

11. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

12. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

13. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 11 सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

1. अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, पूर्णियाँ	– अध्यक्ष
2. श्री दिनानाथ चौधरी	– उपाध्यक्ष
3. श्री अशोक जायसवाल	– उपाध्यक्ष
4. श्री दिवाकर चौधरी	– सचिव
5. श्री प्रिंस जायसवाल	– कोषाध्यक्ष
6. डा0 प्रवीण कुमार चौधरी	– सह–कोषाध्यक्ष
7. श्री आश नारायण चौधरी	– सदस्य
8. श्री संजीत कुमार जायसवाल	– सदस्य
9. डॉ0 विजय वर्मा	– सदस्य
10. श्री कैलाश जायसवाल	– सदस्य
11. श्री अमर चौधरी	– सदस्य

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि **''जगरनाथ धर्मशाला, लाईन बाजार, पूर्णियॉ,** के नाम में किसी प्रकार से कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–**न्यास समिति के पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्रास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।**

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

2 सितम्बर 2022

सं0 1877––श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, भवानीपुर राजधाम, पूर्णियॉ पर्षद के अंतर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन संख्या–1993 है। न्यास समिति गठन हेतु दिनांक–01.08.2022 को सुनवाई कर आदेश पारित किया गया है।

पूर्व में उक्त मंदिर का देखभाल महंत मोती दास, न्यासधारी द्वारा की जाती थी। उनके स्वर्गवास के पश्चात् मंदिर की देखभाल तेजनारायण दास नामक व्यक्ति द्वारा की जाने लगी। वर्ष 2004 में उनके द्वारा न्यास भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा की सूचना दी गयी। अंचलाधिकारी ने अपने रिपोर्ट दिनांक–30.03.2012 न्यास में कुल 5.75 एकड़ जमीन है, जिसमें मंदिर परिसर में 2.41 ए0 तथा 3.36 ए0 जोत की भूमि एवं मंदिर परिसर में 10 दुकानें है। मंदिर परिसर के अंतर्गत एक पोखर है जिसका जीर्णोद्धार कराने से मंदिर की आमदनी बढ़ सकती है। मंदिर के भूमि के दुरूपयोग के संबंध में तेजनारायण दास से स्प्ष्टीकरण की मांग की गयी । अधिवक्ता मनोज कुमार झा द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक–01.10.2013 द्वारा सूचना दी कि तेजनारायण दास जो मंदिर की व्यवस्था करते थे, उनका स्वर्गवास दिनांक–30.03.2013 को हो गया है । सदस्य श्री मकुनी मंडल का कथन है कि वर्ष 2009 के पूर्व ही महंत तेजनारायण दास को गॉव में सभा करके मंदिर की सुरक्षा हेतु उन्हें वहॉ से निष्कासित कर दिया गया था और स्वयं–भू–न्यास समिति का गठन वर्ष 2009 में किया गया था और उक्त तेजनारायण दास पूर्णियॉ में रहते हुए मौजा डेवरी में मंदिर के नाम से जो 11 ए0 भूमि थी, उसे अवैध रूप से तीन विक्रय पत्रों के द्वारा दिनांक–26.10.2010, 23.11.2011 को किया गया है। साथ ही यह भी कथन करते हैं कि वर्ष 2009 में जो स्वयं–भू न्यास समिति बनी थी, उसमें भी अधिकांश सदस्यों का स्वर्गवास हो चुका है और कथन करते है कि मौजा–भवानीपुर जिसमें मंदिर अवस्थित है, वहॉ की कुल भूमि अभी भी सुरक्षित है। जिसमें 02 ए0 95 डी0 जमीन बंदोबस्ती पर दी जाती है। जिससे मंदिर को आय प्राप्त होती है तथा मौजा देवरी की जो भूमि है, वह मंदिर की भूमि से लगभग **20** किलोमीटर दूर है परंतु समिति द्वारा आपत्ति करने पर किसी भी भूमि पर दाखिल–खारिज क्रेता के नाम पर नहीं हुआ है। मौजा देवरी का 14.5 एकड़ भूमि का विक्रय 12.02.1935 को निष्पादित किया गया था, का खाता सं0–144 (क) खेसरा सं0–56 एरिया–08 ए0 60 डी0 जिसका वर्त्तमान राजस्व विलेख में खाता सं0–274 खेसरा नं0– 1751, 1752, 1753, 1755, 1756, 1757 एवं 2108 तथा खाता सं0–144 (ख) जिसका खेसरा सं0–316, 317, 318, 319, 416 कुल एरिया–5 ए0 45 डी0 है। उक्त भूमि के संबंध में कथन किया गया कि लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमित कर लिया गया है। आगे कथन करते हैं कि गॉव में आम सभा दिनांक–30.03.2022 को आयोजित की गयी, उस बैठक में 26 लोगों के नामों का प्रस्ताव न्यास समिति हेतु किया गया जिसकी प्रति पर्षद को भेजी गयी। इसके पूर्व दिनांक–14.01.2020 एवं 31.12.2017 को बैठक का प्रस्ताव पास किया गया था, इसमें भी 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव था। प्रस्तावित नामों का चरित्र सत्यापन हेतु संबंधित थाना को दिनांक–21.02.2022 एवं 08.6.2022 द्वारा प्रतिवेदन की मांग की गयी थी, जो अप्राप्त है।

दूसरी तरफ श्री शंकर दास द्वारा दिनांक–09.05.2022 को अपने अधिवक्ता श्री आशुतोष झा के साथ उपस्थित थे, उनका कथन था कि वह तेजनारायण दास के शिष्य है और तेजनारायण दास के समय से मंदिर में पूजा–पाठ, राग–भोग का कार्य करते हैं। ग्रामीणों द्वारा उन्हें मंदिर की देखभाल आदि के लिए नियुक्त किया गया है तथा कथन करते है कि उन्हें

मंदिर का महंत बनाया जाए। जबकि ग्रामीणों का कथन है कि वह कभी मंदिर नहीं आते–जाते है और मंदिर की भूमि को विक्रय करने हेतु सदैव तत्पर रहते है और वर्तमान में मंदिर का पूजा–पाठ पुजारी श्री मनोज पाठक द्वारा किया जा रहा है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट होता है कि मंदिर की मौजा देवरी में लगभग 14 एकड़ भूमि पूर्व में महंत/न्यासी का दावा करने वाले तेजनारायण दास द्वारा कुछ भाग विक्रय कर दिया गया एवं कुछ अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है और भवानीपुर के ग्रामीणों द्वारा अपने प्रयास से उक्त जमीन पर दाखिल–खारिज में आपत्ति दाखिल की गयी जो अभी भी विचाराधिन है और भवानीपुर स्थित मंदिर और उसकी भूमि अभी भी सुरक्षित है ।

अतः पर्षद के माननीय सदस्य की उपस्थिति में बिहार हिन्दूधार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं043(द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक–01.08.22 द्वारा ''**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, भवानीपुर राजधाम, पूर्णियॉ''** के सुचारू प्रबंधन, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा एवंसर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्व्यन एवं संचालन के लिए न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है । थाना से चरित्र सत्यापन प्राप्त होने के पश्चात् न्यास समिति के स्थायी किये जाने पर विचार किया जायेगा।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, भवानीपुर राजधाम, पूर्णियॉ''** न्यास योजनहोगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, भवानीपुर राजधाम, पूर्णियॉ''न्यास समिति''**होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास समिति न्यास परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखें जायेगें और निर्धारित तिथि को न्यास समिति के सदस्यों के समक्ष दान–पेटी खोल कर राशि की गणना की जायेगी और उस राशि का न्यास के बचत खाता में जमा की जायेगी।न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोकर जमा किया जायेगा ओर आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों **(सचिव एवं कोषाध्यक्ष)** के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा। न्यास की समग्र आय इसमें जमा की जायेगी।

5. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का कोई धार्मिक आयोजन/मंदिर निर्माण/मरम्मती आदि करता है और उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगाऔर यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है, तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

6. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मंदिर की भूमि को बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा।

7. न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास के आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद् को प्रेषित करेगी।

8. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

9. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

10. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

11. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

12. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नही कर ली जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

13. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

14.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य **''पशु की क्रुरता एवं वध''** होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद् द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 11 सदस्यों की न्यास समिति कागठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

01. अनुमंडल पदाधिकारी, धमदाहा –अध्यक्ष
02. श्री पितामबर यादव, पूर्व सरपंच –उपाध्यक्ष

03. श्री शोभाकान्त यादव, से0नि0शिक्षक —सचिव
04. श्री मकुनी मंडल —उप सचिव
05. श्री विनोद सहनी —कोषाध्यक्ष
06. श्री अरविन्द चौधरी —सदस्य
07. श्री सावन कुमार —सदस्य
08. श्री ओम प्रकाश गुप्ता —सदस्य
09. श्री ओम प्रकाश भगत —सदस्य
10. श्री वीर नारायण यादव —सदस्य
11. थानाध्यक्ष, भवानीपुर —सदस्य

सभी ग्राम—भवानीपुर, पो0—भवानीपुर राजधाम, थाना—भवानीपुर, जिला—पूर्णियॉ, पिनकोड—854204.

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि **''श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, भवानीपुर राजधाम, पूर्णियॉ '**के नाम में किसी प्रकार से कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। न्यास समिति को यह भी निर्देश दिया जाता है कि मौजा ''देवरी'' में जो मंदिर की भूमि है उसकी वर्तमान स्थिति और किन व्यक्तियों के अधिपत्य में है, उस संबंध में पर्षद को सूचित करके उक्त भूमि को शीघ्र मुक्त कराने का प्रयास करेंगे।

नोटः—न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण /बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते है तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

14 सितम्बर 2022

सं0 2071—श्री जगन्नाथजी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पो0—पकहरा, थाना—बरारी, जिला—कटिहार जो पर्षद में एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या—4609/2022 है। दिनांक—02.08.2022 को न्यास समिति गठन हेतु आदेश पारित किया गया है।

पूर्व में इस ठाकुरबाड़ी के सेवादार गंगादास थे। इसमें में 13 ए0 03 डी0 जमीन नरसिंह प्रसाद चौधरी द्वारा ठाकुरबाड़ी को समर्पित की गयी थी। दिनांक—06.12.1991 को 05 सदस्यीय न्यास समिति बनाकर मंदिर और उसकी भूमि की देखभाल की जाने लगी।

दिनांक—19.11.2018 को श्री विजयदीप ग्रामीण मधेली द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि तत्कालीन महंत गंगा दास की मृत्यु हो चुकी है। तदोपरांत ठाकुरबाड़ी की देखभाल श्री उपेन्द्र ठाकुर द्वारा किया जा रहा है और मधेलीवासी द्वारा किये गये आम सभा में इनके द्वारा कुल 08 मूर्ति व शालीग्राम को उपेन्द्र मधेलीवासियों के सुपूर्द किया और दिनांक—10.10.2018 से ग्राम—मधेली, थाना—बरारी में मूर्ति स्थापित कर पूजा—पाठ सार्वजनिक तौर प्रारंभ कर दिया। साथ ही प्रार्थना पत्र के साथ दिनांक—05.10.2018 की आमसभा की प्रति भी संलग्न की, जिसमें 05 सदस्यीय समिति प्रस्तावित है।

उपरोक्त प्रार्थना पत्र के संबंध में प्रार्थी विजयदीप सेन्यास भूमि का खाता, खेसरा सं0, समर्पणनामा तथा अंचलाधिकारी से भी भूमि के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट की मांग की गयी। अचंलाधिकारी ने पत्रांक—395 दिनांक—27.04.2019 द्वारा यह उल्लेख किया कि उक्त मंदिर में मौजा—जौनिया मिलिक, थाना नं0—248 के खाता सं0—06 के कुल 18 खेसराओं में 16.03 ए0 जमीन इन्द्राज है और जिसके सेवायत महर्षि गंगा दास पंजी—2 में दर्ज है, जिसकी जमाबंदी—06 है। परंतु स्थल जांच में उक्त भूमि गंग सिकस्त हो चुकी है, ठाकुरबाड़ी का कोई अस्तित्व नहीं है। श्री विजयदीप द्वारा पुनः प्रार्थना पत्र दिनांक—21.11.2019 को दिया गया जिसमें भूमि को गंगा बरार होने और ठाकुरबाड़ी के निबंधन करने का अनुरोध किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र की छायाप्रति संलग्न कर अंचल अधिकारी, बरारी से पर्षदीय पत्रांक—1686 दिनांक—26.11.2019 द्वारा प्रतिवेदन की मांग की गयी। अंचल पदाधिकारी ने पत्रांक—273 दिनांक—19.02.2021 द्वारा प्रतिवेदित किया किपूर्व प्रतिवेदन में जो भूमि गंग सिकस्त बताया गया था किन्तु 2019 में आये बाढ़ और गंगा नदी के धारा में बदलाब आने के कारण उपरोक्त वर्णित भूमि गंगबरार हो चुका है और पूरी तरह से कृषि योग्य है और राम जानकी लक्ष्मण जी की मूर्ति मधेली में प्रतिष्ठापित किया गया है।प्रतिष्ठान श्री श्री 108 जगन्नाथजी ठाकुरबाड़ी की भूमि में ही की गयी है। साथ ही उक्त ठाकुरबाड़ी की देखभाल हेतु दिनांक—20.09.2020 को आमसभा द्वारा 11 सदस्यों का चयन करते हुए ग्यारह सदस्यीय न्यास समिति बनाने का अनुरोध करते हुए ग्रामीणों का प्रस्ताव दिनांक—20.09.2020 की प्रति, तथा खाता सं0—06, सी0एस0 खतियान की प्रति दाखिल की गयी जिसमें खाता सं0—06 जगन्नाथ ठाकुरबाड़ी के नाम से इन्द्राज है, जिसमें 13.03 एकड़ जमीन का उल्लेख है।

प्रस्तावित नामों का चरित्र सत्यापन हेतु संबंधित थाना को पर्षदीय पत्रांक—346 दिनांक—29.04.2022 एवं पत्रांक—1225 दिनांक—05.07.2022 द्वारा पत्र दिया गया, परंतु थाना द्वारा किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट नही समर्पित की गयी। चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में न्यास समिति के गठन को लंबित रखना उचित प्रतीत नहीं होता है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में ठाकुरबाड़ी की व्यवस्था, राग—भोग, पूजा—पाठ तथा विकास के उद्देश्य से बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43(द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक—02.08.2022 द्वारा ''**श्री जगन्नाथजी जी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पो0—पकहरा, थाना—बरारी, जिला—कटिहार''** के सुचारू प्रबंधन, न्यास सम्पत्ति की सुरक्षा, एवं सर्वांगीण

विकास हेतु अग्रलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्व्यन हेतु न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप एक वर्ष के लिए किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री जगन्नाथजी जी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पो0–पकहरा, थाना–बरारी, जिला–कटिहार**'' न्यास योजना होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**श्री जगन्नाथजी जी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पो0–पकहरा, थाना–बरारी, जिला–कटिहार,न्यास समिति**''होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य मठ की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा ठाकुरबाड़ी की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. दाताओं से प्राप्त की गयी राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा और आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा और न्यास की समग्र आय उसमें जमा की जायेगी।**

5. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मठ की भूमि बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा।

6. न्यास समिति अधिनियम एवं उप– विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

7. अध्यक्ष की अनुमति से उपाध्यक्ष न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जोगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

10. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभ उठाते पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्ठभूमि,

आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

12. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य **''पशु की क्रुरता एवं वध''** होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

13. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वार निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 11 सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

1. अंचल अधिकारी, बरारी	– अध्यक्ष
2. श्री बालेश्वर मंडल	–उपाध्यक्ष
3. श्री विजयदीप	–सचिव
4. श्री रंजीत महलदार	–कोषाध्यक्ष
5. श्री श्यामसुंदर मंडल	– सदस्य
6. श्री उपेन्द्र ठाकुर	–सदस्य
7. श्री जवाहर सिंह	– सदस्य
8. श्री नत्थन महलदार	– सदस्य
9. श्री सदानंद ठाकुर	– सदस्य
10.श्री राजकुमार मडल	– सदस्य
11. श्री नकुल मंडल	– सदस्य

सभी ग्राम+पो0–मधेली, थाना–बरारी, जिला–कटिहर।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि **''श्री जगन्नाथजी जी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पो0–पकहरा, थाना–बरारी, जिला–कटिहार** के नाम में किसी प्रकार का काई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। थाना से चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने तथा कार्य संतोषजनक पाये जो पर न्यास समिति को स्थायी किये जाने पर विचार किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/ पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

2 सितम्बर 2022

सं0 1881——श्री लक्ष्मीनारायण ठाकुरबाड़ी, ग्राम–छोटी चातर, पो0–मोरसंडा, थाना–फलका, जिला–कटिहार जो पर्षद में 1962 से निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–1016 है। इस न्यास में 13.51 एकड़ भूमि है। न्यास समिति गठन हेतु दिनांक–02.08.2022 को सुनवाई कर आदेश पारित किया गया है।

उक्त मंदिर का समर्पण भब्बी महतो, अयोध्या महतो पुत्र सागर मेहता तथा छेदी प्रसाद मेहता पुत्र–भब्बी महतो द्वारा निबंधित विलेख दिनांक–22.11.1951 द्वारा समर्पित किया था। पूर्व में इस मंदिर का देखभाल छेदी मेहता द्वारा की जाती रही है और समय–समय पर उनके द्वारा आय–व्यय विवरणी भी दी जाती रही है।

दिनांक–05.04.2016 को श्री सुबोध मेहता, पुत्र–छेदी प्र0 मेहता द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके पिताजी का स्वर्गवास हो गया है तथा एक वंशावली भी प्रार्थना पत्र के साथ दाखिल करते हुए स्वयं को सेवायत की मान्यता प्रदान करने का अनुरोध किया गया। श्री मेहता के प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए पर्षद के आदेश दिनांक–24.02.2021 द्वारा श्री सुबोध मेहता को एक वर्ष के लिए न्यासधारी बनाया गया, जिसमें यह शर्त्त रखी गयी कि यदि कोई अन्य व्यक्ति दावा करते है तो दोनों पक्षों को सुनकर आदेश पारित किया जायेगा।

दिनांक–07.04.2021 को श्री विद्यानंद मेहता द्वारा एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया कि वह छेदी मेहता के बड़े पुत्र है और सुबोध मेहता जिनको अस्थायी न्यासधारी बनाया गया है, वह भूमि से होने वाली आय को भी सही रूप में दर्शित नहीं करते है, जबकि समर्पित की गयी भूमि से लगभग 1,50,000/–रूपये प्रतिवर्ष की आय संभव है और मंदिर की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। उनके प्रार्थना पत्र के आलोक में अस्थायी न्यासधारी को नोटिस जारी की गयी और दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात् 05 सदस्यीय न्यास समिति के गठन पर दोनों पक्षों के मध्य सहमति हुयी।

अतः बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43(द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक– 02.08.2022 द्वारा **''श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी,** ग्राम– छोटी चातर, पो0– मोरसंडा, थाना– फलका, जिला– कटिहार**''** के सुचारू प्रबंधन, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए 05 सदस्यी न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है । थाना से चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् न्यास समिति के स्थायी किये जाने पर विचार किया जायेगा।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, ग्राम– छोटी चातर, पो0– मोरसंडा, थाना– फलका, जिला– कटिहार, न्यास योजना**''होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, ग्राम– छोटी चातर, पो0– मोरसंडा, थाना– फलका, जिला– कटिहार, न्यास समिति**''होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास समिति को न्यास के सभी भूमि की बंदोबस्ती का अधिकार होगाऔर न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोकर जमा किया जायेगा ओर आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेगें, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर राशि को बैंक में जमा किया जायेगा। न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों **(सचिव एवं कोषाध्यक्ष)** के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का कोई धार्मिक आयोजन करता है और उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसी प्रकार न्यास समिति को मंदिर के विकास या संरचना मद में 10 लाख रूपये या उससे अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उसअनुमानित खर्च का विवरणी प्रस्तुत कर पूर्वानुमति न्यास समिति को प्राप्त करना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

6. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मंदिर की भूमि को बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा।

7. न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास के आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद् को प्रेषित करेगी।

8. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

9. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

10. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

11. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

12. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नही कर ली जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

13. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

14.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता एवं वध'' होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद् द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 05 सदस्यों की न्यास समिति को अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की जाती है :–

1. अंचल अधिकारी, फलका	–	अध्यक्ष
2. श्री विद्यानंद मेहता पिता– स्व0 छेदी प्रसाद मेहता	–	सचिव
3. श्री सुबोध मेहता पिता– स्व0 छेदी प्रसाद मेहता	–	कोषाध्यक्ष
4. श्री किशोर प्रसाद पिता– स्व0 बिंदेश्वरी प्रसाद मेहता	–	सदस्य
5. श्री पंकज कुमार ठाकुर स्व0 लक्ष्मी ठाकुर	–	सदस्य

सभी निवासी–ग्राम–छोटी चातर, पो0–मोरसंडा, थाना–फलका, जिला–कटिहार, पिनकोड–854108.

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि **''श्री लक्ष्मीनारायण ठाकुरबाड़ी''** के नाम में किसी प्रकार का काई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

2 सितम्बर 2022

सं0 1879––सेफगंज शिव मंदिर, ग्राम–सेफगंज, पो0–परवाहा, थाना–फारबिसगंज, जिला–अररिया, जो पर्षद में एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में वर्ष 1966 से निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या–1859 है। दिनांक–29.07.2022 को सुनवाई कर कार्यकारिणी समिति गठन हेतु आदेश पारित किया गया है।

पूर्व में मंदिर की देखभाल और व्यवस्था साधु–संतो द्वारा की जाती थी, परंतु बाद में दुर्व्यवस्था होने के कारण एक न्यास समिति का गठन किया गया और पर्षद के आदेश दिनांक–19.02.1996 द्वारा समिति का कार्यकाल भी संतोषजनक नहीं पाते हुए न्यास समिति को बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–29 (2) के तहत समाप्त कर श्री गणेश गिरि को अस्थायी रूप से न्यासधारी की मान्यता दी गयी। तदोपरांत श्री गणेश गिरी द्वारा आय–व्यय विवरणी दाखिल किया जाता रहा है और इनके विरूद्ध 01.08.1995 को शिकायत प्राप्त हुयी थी कि पूर्व में इनके द्वारा मंदिर की सभी भूमि को सूदभरना पर देने, 34 डी0 जमीन विक्रय करने और 50 पेड़ों काटकर राशि को निजी प्रयोग में लेने का आरोप लगाया गया । इस संबंध में श्री गणेश गिरी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिसका प्रत्योत्तर दिनांक–14.08.1999 को गणेश गिरी के पुत्र विनोद गिरी द्वारा दिया गया कि पेड़ो को काटकर जो राशि प्राप्त हुई थी, उसे मंदिर में व्यय किया गया है और जमीन बेचने और सूद भरना पर देने का आरोप गलत है।

श्री गणेश गिरी द्वारा वर्ष 2001 में आय–व्यय विवरण ससमय दाखिल की है, परंतु उसके बाद कोई आय–व्यय विवरण दाखिल नहीं किया गया। इस संबंध में पर्षद द्वारा बार–बार पत्र दिये जाने एवं पर्षदीय पत्रांक–26 दिनांक–05.04.2021 द्वारा अधिनियम की धारा–29 (2) के तहत पद से विरमित का नोटिश देने पर, दिनांक–04.05.2021 को वर्ष 2011–12 से 2020–21 तक की आय–व्यय विवरणी दाखिल की गयी । साथ ही मंदिर की व्यवस्था के संबंध मेंअंचलाधिकारी, फारबिसगंज को पर्षदीय पत्रांक–646 दिनांक–09.06.2021 द्वारा प्रतिवेदन की मांगकी गई और गणेश गिरी को भी थाना के

माध्यम से नोटिस जारी की गयी। ये दिनांक–27.11.2 को उपस्थित हुए तथा पूर्व वर्ष 2002–03 से 2009–10 तक की आय–व्यय विवरणी भी दिनांक–07.02.2022 को दाखिल की गयी और प्रार्थना पत्र के साथ मंदिर और मंदिर की भूमि का नक्शा संलग्न किया और यह भी कथन किया कि विधायक योजना के तहत मंदिर की भूमि खेसरा नं0–50, 51 के बीच प्रार्थी के अवरोध किये जाने के पश्चात् भी सड़क का निर्माण कर लिया गया है। साथ ही महेश गिरी जबड़न न्यास की भूमि पर कब्जा करके अव्यवस्था उत्पन्न की जाती है। इस संबंध में श्री महेश गिरी को पर्षदीय पत्रांक–5523 दिनांक–10.03.2022 एवं पत्रांक–1152 दिनांक–30.06.2022 द्वारा दिनांक–29.07.2022 को पर्षद के समक्ष उपस्थित हेाकर मंदिर की भूमि पर कब्जा के संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गयी। परंतु वे उपस्थित नहीं हुए।

दिनांक–29.7.2022 को अस्थायी न्यासधारी श्री गणेश गिरी अपने पौत्र श्री रूपेश गिरी के साथ उपस्थित है और उनके द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें 07 एकड़ 65 डी0 जमीन है, जिसका खेसरा सं0–13 में शिव मंदिर, खेसरा सं0–52 मे पार्वती मंदिर, कुऑ और नंदी का मंदिर है। खेसरा सं0–50, 51 के कुछ भाग में बांसवाड़ी तथा खेसरा सं0–42 में लगभग 1600 स्क्वायर फीट में एक धर्मशाला का निर्माण किया जा रहा है तथा खाता सं0–65 के खसेरा सं0–20, 51, 55 के बीच से लगभग 75 डी0 जमीन पर सड़क का निर्माण करा लिया गया है और वर्त्तमान में कुल 06 ए0 जमीन फसल योग्य है। महाशिवरात्रि का भव्य मेला लगता है तथा पिछले वर्ष 2020–21 में लगभग 01 लाख रूपयें चंदा, दान–पेटी एवं कदम के कुछ पेड़ बिक्री से 32 हजार रू0 प्राप्त हुआ। प्राप्त राशि से धर्मशाला एवं बजरंगवली मंदिर का लिन्टर तक का निर्माण किया गया। पर्षद द्वारा पृच्छा किये जाने पर अस्थायी न्यासधारी श्री गणेश गिरी द्वारा कथन किया गया कि मंदिर और मंदिर की भूमि पर स्वयं का नियंत्रण नहीं है। मंदिर के मेला आदि की व्यवस्था रंजन मंडल द्वारा की जाती है और प्राप्त राशि खर्च की जाती है। पर्षद में उपस्थित श्री गणेश गिरी से बात करने पर स्पष्ट होता है कि उनके सुनने की शक्ति खत्म हो गयी है वे काफी वृद्ध हो गये हैं।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री गणेश गिरी को मंदिर की देखभाल करने हेतु पुजारी की मान्यता प्रदान करते हुए बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक–29.07.2022 द्वारा ''**सेफगंज शिव मंदिर,ग्राम–सेफगंज, पो0–परवाहा, थाना–फारबिसगंज, जिला–अररिया''** के सुचारू प्रबंधन, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए कार्यकारिणी समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**सेफगंज शिव मंदिर,ग्राम–सेफगंज, पो0–परवाहा, थाना–फारबिसगंज, जिला–अररिया''**न्यास योजना होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''''**सेफगंज शिव मंदिर,ग्राम–सेफगंज, पो0–परवाहा, थाना–फारबिसगंज, जिला–अररिया'' न्यास समिति** होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखें जायेगें और निर्धारित तिथि को न्यास समिति के सदस्यों के समक्ष दान–पेटी खोलकर राशि की गणना की जायेगी और उस राशि का न्यास के बचत खाता में जमा की जायेगी। न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक्, संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा और आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (**सचिव एवं पुजारी**) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा। न्यास की समग्र आय इस बचत खाता में जमा की जायेगी।

5. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का काई धार्मिक आयोजन/निर्माण/विकास आदि का कार्य करता है और उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगाऔर यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

6. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मंदिर की भूमि बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा। श्री गणेश गिरी तथा उनके सहयोग के लिए मान्यता प्राप्त कार्यकारिणी समिति के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को मंदिर के भूमि बंदोबस्ती का अधिकार नहीं होगा। श्री गणेश गिरी द्वारा दाखिल आय–व्यय विवरणी के अनुसार एक माह के अंदर शुल्क जमा करावें।

7. कार्यकारिणी समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

8. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास कार्यकारणी समिति की बैठक आहूत करेंगे। कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

9. कार्यकारणी समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जोगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

10. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

11. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

12. कार्यकारणी समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

13. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

14.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य **''पशु की क्रुरता एवं वध''** होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 03 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति का गठन 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

1. अंचल पदाधिकारी, फारबिसगंज, जिला– अररिया – अध्यक्ष
2. श्री रूपेश गिरी, –सचिव
3. श्री रंजन कुमार मंडल –सदस्य

उपरोक्त दोनों ग्राम–सेफगंज, पो0–परवाहा, थाना–फारबिसगंज, जिला–अररिया।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि "''**सेफगंज शिव मंदिर,ग्राम–सेफगंज, पो0–परवाहा, थाना–फारबिसगंज, जिला–अररिया**''के नाम में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–**न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही कार्यकारिणी समिति तथा पुजारी को निर्देश दिया जाता है कि बिना पर्षद के अनुमति के और बिना जिला वन कार्यालय की अनुमति के किसी भी प्रकार के पेड़ों की कटाई और विक्रय नहीं करेगें।**

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

17 जून 2022

सं0 983––शिव पार्वती मंदिर उर्फ बाबा गोरखनाथ धाम, ग्राम– गोरखपुर, पो0+थाना– सालमारी, जिला– कटिहार पर्षद के अंतर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन संख्या– 4596/2005 है। उक्त मंदिर की स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा दिनांक– 22.9.2021 को एक पत्र प्राप्त कराया गया कि न्यास समिति के सचिव, कंचन कुमार का स्वर्गवास हो गया है और उनके स्थान पर न्यास समिति ने दिनांक–03.12.2019 को एक बैठक कर नयी न्यास समिति गठन किये जाने हेतु 11 व्यक्तियों का नामों का प्रस्ताव पारित किया गया तथा कथन करते हैं कि मंदिर में पूर्व में 05 ए0 08 डी0 जमीन थी, जिसमें 4.80 एकड़ पोखर है और 20 डी0 में मंदिर स्थित था और न्यास समिति ने अपने प्रयास से विभिन्न विक्रय पत्र के माध्यम से विभिन्न वर्षो में मंदिर के नाम जमीन क्रय की। वर्त्तमान में कुल 10 ए0 82 डी0 जमीन है जिसका थाना नं0– 395 खाता सं0–469, 441, 182, 129, 300, 103 है। प्रार्थना पत्र के साथ वर्ष 2020–21 में मंदिर से होने वाली कुल आय 04 लाख 83 हजार दर्शित की गयी है। उक्त राशि में से लगभग 01 लाख रूपयें से 11 डी0 जमीन खरीदी गयी है तथा मंदिर में वायरिंग आदि में खर्च किया गया है। साथ ही मंदिर के नाम से संचालित खाता, जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सलामारी में संधारित है, जिसकी खाता संख्या– 39074567555 है, दिनांक–17.03.2022 को 49,941/– रूपये दर्शित की गयी है। उक्त तिथि को ही 02 लाख 30 हजार की निकासी की गयी है। जो कि मंदिर के नाम से 48 डी0 जमीन क्रय हेतु अग्रीम के रूप में भुगतान किया गया है। साथ ही दिनांक– 30.12.2019 को बैठक में लिये गये निर्णय की फोटोप्रति दाखिल करते हैं जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी को अध्यक्ष के रूप में नामित करते हुए 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया है तथा 11 नामों के बाद लगभग 60 व्यक्तियों का सम्मानित सदस्य के रूप में दिखलाया गया है। साथ ही कथन करते हैं कि न्यास समिति क्रम सं0–01 से 11 तक के व्यक्तियों की बनायी जाए। पुनः निवेदन करते हैं कि उक्त नामों में क्रम सं0–08 एवं 10 काफी वृद्ध हो गये है तथा मंदिर के कार्य मे समय देने में असमर्थ हैं। साथ ही इन दोनों को छोड़कर सम्मानित सदस्य के रूप में नामित श्री श्याम नाथ यादव एवं अमित कुमार अग्रवाल के नामों का प्रस्ताव देते हैं। उपस्थित सदस्य द्वारा दाखिल मंदिर का फोटोग्राफ, बैंक खाता का स्टेटमेन्ट तथा मंदिर की भूमि व अन्य चंदे से प्राप्त आय आदि से मंदिर में लगभग 05 ए0 भूमि क्रय किया जाना आदि स्पष्ट करता है कि न्यास समिति का कार्य काफी संतोषजनक है।

अतः पर्षद के माननीय सदस्य महंत विजय शंकर गिरि की उपस्थिति में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक–11.05.2022 द्वारा ''**श्री शिव पार्वती मंदिर उर्फ बाबा गोरखनाथ धाम, ग्राम–गोरखपुर, पो0+थाना– सालमारी, जिला– कटिहार** '' के सुचारू प्रबंधन, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से

किया जाता है। थाना से चरित्र सत्यापन प्राप्त होने के पश्चात् न्यास समिति के स्थायी किये जाने पर विचार किया जा जायेगा।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री शिव पार्वती मंदिर उर्फ बाब गोरखनाथ धाम, ग्राम– गोरखपुर, पो0+थाना– सालमारी, जिला–कटिहार**'' होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**श्री शिव पार्वती मंदिर उर्फ बाबा गोरखनाथ धाम, ग्राम– गोरखपुर, पो0+थाना–सालमारी, जिला–कटिहार**'' होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक्, संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा और आवयश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (उपाध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का काई धार्मिक आयोजन करता है और उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसी प्रकार न्यास समिति को मंदिर के विकास या संरचना मद में 10 लाख रूपये या उससे अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उस अनुमानित खर्च का विवरणी प्रस्तुत कर पूर्वानुमति न्यास समितिको प्राप्त करना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

6. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मंदिर की भूमि बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा।

7. न्यास समिति अधिनियम एवं उप– विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

8. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

9. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जोगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

10. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

11. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

12. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

13. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वार निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 11 सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

01. अनुमंडल पदाधिकारी, बारसोई, कटिहार	–	पदेन अध्यक्ष
02. श्री भूनेश्वर यादव, ग्राम– नारायणपुर, पो0– मुरूकिया	–	उपाध्यक्ष
03. श्री हरमेन्द्र कुमार यादव उर्फ पिन्टू यादव, पिता– श्री गिरजा शंकर यादव, ग्राम– रघुनाथपुर, पो0– बारसोई घाट, वार्ड नं0– 07, थाना– बारसोई	–	सचिव
04. श्री दिलिप कुमार सिंह, पिता– स्व0 सुखदेव सिंह, ग्राम– दमदमा, पो0– सालमारी, थाना– आजमनगर	–	कोषाध्यक्ष
05. श्री नगीना प्रसाद यादव, ग्राम– रघुनाथपुर, पो0–बारसोई	–	सदस्य
06. श्री अक्षय कुमार सिंह, ग्राम– रतनीयॉ, पो0– वलत्तर	–	सदस्य
07. श्री प्रदीप शर्मा, ग्राम– नारायणपुर, पो0– मुकुरिया	–	सदस्य
08. श्री अमित कुमार अग्रवाल, ग्राम+पो0– सालमारी,	–	सदस्य
09. श्री रामचंद्र शर्मा, ग्राम– गोरखपुर, पो0– मुकुरिया	–	सदस्य
10. श्री राधाकान्त घोष, ग्राम– रासचौक, पो0– बारसोई	–	सदस्य
11. श्री पिन्टू कुमार साह, ग्राम+पो0– बारसोई बाजार सभी थाना– आजमनगर, जिला– कटिहार ।	–	सदस्य

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि **श्री शिव पार्वती मंदिर उर्फ बाबा गोरखनाथ धाम, ग्राम– गोरखपुर, पो0+थाना–सालमारी, जिला– कटिहार''** के नाम में किसी प्रकारका कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————

2 जून 2022

सं0 1875––सुन्दरी मठ (शिव मंदिर), ग्राम–सुन्दरी, पो0–बटराहा, थाना–कुआंरी, अंचल–कुर्साकांटा, जिला–अररिया पर्षद के अंतर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निंबंधन संख्या–2062 है। यह मंदिर अररिया जिला का काफी प्रसिद्ध मंदिर है। नेपाल की सीमा से सटे होने के कारण काफी नेपाली श्रद्धालु इस मंदिर में आते हैं।

न्यास के प्रबंधन हेतु अधिसूचना पत्रांक–1722 दिनांक–03.09.2016 द्वारा एक न्यास समिति का गठन 05 वर्षो के लिए किया गया था।

न्यास समिति द्वारा प्रतिवर्ष आय–व्यय विवरणी, बजट, और पर्षद शुल्क आदि जमा किया जाता रहा है तथा न्यास समिति द्वारा मंदिर के विकास से संबंधित लगभग 10 फोटोग्राफ दाखिल किया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि कार्यरत न्यास समिति द्वारा मंदिर के विकास में काफी सराहनीय कार्य किया गया है तथा कमिटी द्वारा पिछले 05 वर्षो में किये गये विकास कार्यो की सूची पर्षद को दी । जिसमें 10 योजनाओं का उल्लेख किया गया है और वर्तमान में मंदिर के खाते में भी लगभग 10 लाख रूपयें जमा है। न्यास समिति का कार्य काल सतोषजनक रहा है।

अतः उपरोक्त सभी परिस्थितियों पर विचार एवं अधिसूचना ज्ञापांक–1722 दिनांक–03.09.2016 में उल्लेखित नियमों एवं शर्त्तो के अधीन न्यास समिति के कार्यकालको अगले 05 वर्ष (दिनांक–02.09.2026 तक) के लिए विस्तार किया जाता है।

01. श्री विजय कुमार मंडल	– अध्यक्ष
02. श्री नरेन्द्र प्रसाद सिंह	– सचिव
03. श्री प्रणव कुमार गुप्ता	– कोषाध्यक्ष
04. श्री उपेन्द्र प्रसाद सिंह	– सदस्य
05. श्री रामानन्द मंडल	– सदस्य
06. श्री विजय केशरी	– सदस्य
07. श्री मनोज कुमार भगत	– सदस्य
08. श्री हेरम कुमार सिंह	– सदस्य
09. श्री श्याम राय	– सदस्य
10. श्री रामदेव सरकार	– सदस्य
11. श्री राम प्रसाद शर्मा	– सदस्य

सभी सुन्दरी मठ (शिव मंदिर), न्यास समिति, ग्राम– सुन्दरी, पो0–वटराहा, थाना– कुर्साकांटा, जिला–अररिया, पिनकोड–854332.

न्यास–समिति को यह निर्देश दिया जाता है कि मंदिर के विकास के संबंध में मंदिर से होने वाली आय तथा अन्य स्त्रोत से प्राप्त आय से विकास का कार्य करें तथा अपने आय–व्यय विवरणी, बजट, शुल्क आदि प्रतिवर्ष जमा करायें।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————

20 सितम्बर 2022

सं0 2132–– कबीर पंथी मठ (झलाडी पट्टी मठ), ग्राम–गैदुहा, पो0–झलाड़ी पट्टी, थाना–रूपौली, जिला–पूर्णियॉ पर्षद के अंतर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन संख्या–2134 है। दिनांक–02.08.2022 को सुनवाई कर न्यास समिति गठन हेतु आदेश पारित किया गया है।

महंत भूदेव गोस्वामी द्वारा सूचना दी गयी कि मठ में कुल 64.63 ए0 जमीन है, अधिकांश जमीन अतिक्रमित है। मात्र 15 ए0 भूमि बची हुई हैं तथा भूमि को बचाने की कार्रवाई की जाए तथा दिनांक–01.04.2022 को अंचलाधिकारी को दिये गये एक प्रार्थना पत्र की प्रति पर्षद पर्षद को उपलब्ध करवाया जिसमें कुछ लोगों मठ की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने और उन्हें तरह–तरह की धमकी देने का उल्लेख किया गया है।

राजस्व कर्मचारी द्वारा अंचलाधिकारी को समर्पित रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि खाता सं0–265 रकवा–8.48 ए0, खाता सं0–266 रकवा–6.94 ए0, खाता सं0–267 रकवा–47.29 ए0, खाता सं0–268 रकवा–1.44, ए0 तथा खाता सं0–269 रकवा–0.48 ए0 कुल लगभग 64.63 ए0 जमीन सर्वे खतियान के अनुसार कबीर मठ का है, जो तत्कालीन महंत मटरू

गोस्वामी के नाम है और वर्तमान में जमाबंदी में खाता सं0–265 का 08 ए0 266 जमीन में से 6.83$\frac{1}{2}$ ए0, खाता सं0–267 में 9.77 ए0 और खाता सं0–268 में 0.48 ए0 कुल 25.8$\frac{1}{2}$ए0 शेष बची है, जिसका लगान भी वर्ष 2017–18 तक भुगतान है।

उक्त 64.63ए0 जमीन में से 09ए0 80 डी0जमीन पूर्व महंतो के द्वारा भूमिहीनों को दे दी गयी थी जो धारा 15ए के तहत स्वेच्छा से सरकार को दिया गया है तथा सिलिंग वाद सं0–177/73–74 में 28.60 ए0 जमीन अधिशेष बची है। लगभग 08 ए0 भूमि पर अवैध रूप से लगभग 70 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है। संचिका पर आदेश की प्रति उपलब्ध है जो स्पष्ट करता है कि 25 ए0 भूमि सिंलिंग कार्रवाई के पश्चात् मठ के नाम पर है। इससे स्पष्ट होता है कि उपरोक्त जमीन खाता सं0–266, 267, 265 एवं 269 मठ की सम्पत्ति है और इस पर सभी प्रकार के क्रय–विक्रय, स्थायी या अस्थायी निर्माण पर रोक लगाया जाता है।

पर्षद द्वारा पृच्छा किये जाने पर कथन करते है कि जो वर्त्तमान में मठ के पास जमीन है, उसकी बंदोबस्ती कर दी गयी है परंतु बंदोबस्तीधारी द्वारा राशि का भुगतान यदा–कदा ही किया जाता है। जो स्पष्ट करता है महंत जी द्वारा मठ की देखभाल अकेले किया जाना संभव प्रतीत नहीं होता है। महंतजी द्वारा कथन किया गया कि मठ और उसकीसम्पत्ति को बचाने के लिए 06 ग्रामीणों तथा स्वयं महंत को शामिल करते हुए एक न्यास समिति का गठन किया जाए, जिससे मठ की भूमि की सुरक्षा हो सके तथा भूमि को प्रतिवर्ष बंदोबस्ती आदि करने से राशि प्राप्त हो सके, जिससे मठ का जीर्णोद्धार हो सके और पर्षद को शुल्क का भुगतान किया जा सके।

अतः उपरोक्त सभी परिरिस्थतियों को देखते हुए बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43(द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक–02.08.2022 द्वारा ''**कबीर पंथी मठ (झलाडी पट्टी मठ), ग्राम–गैदुहा, पो0–झलाड़ी पट्टी, थाना–रूपौली, जिला–पूर्णियॉ''** के सुचारू प्रबंधन, न्यास सम्पत्ति की सुरक्षा, भूमि की बंदोबस्ती, एवं सर्वांगीण विकास हेतु अग्रलिखित योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसके कार्यान्व्यन हेतु न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप एक वर्ष के लिए से किया जाता है ।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**कबीर पंथी मठ (झलाडी पट्टी मठ),** ग्राम–गैदुहा, पो0–झलाड़ी पट्टी, थाना–रूपौली, जिला–पूर्णियॉ''न्यास योजना होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**कबीर पंथी मठ (झलाडी पट्टी मठ), ग्राम–गैदुहा, पो0–झलाड़ी पट्टी, थाना–रूपौली, जिला–पूर्णियॉ,न्यास समिति''**होगा जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य मठ की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मठ की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. दाताओं से प्राप्त की गयी राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा और आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा और न्यास की समग्र आय उसमें जमा की जायेगी।**

5. न्यास समिति किसी भी सदस्य को मठ की भूमि बेचने या बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा। न्यास समिति अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेगी।

6. न्यास समिति अधिनियम एवं उप– विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

7. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में सचिव बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जोगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

10. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभ उठाते पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्ठभूमि, आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

12.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/

मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं(गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता एवं वध'' होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

13. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वार निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित 07 सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–

1. अनुमंडल पदाधिकारी, धमदाहा – अध्यक्ष
2. श्री अनिल मंडल – सचिव
   पिता–श्री भूपनारायण मंडल
3. श्री सुनिल भगत – कोषाध्यक्ष
   पिता– श्री दशरथ भगत
4. श्री जनक ऋषि –सदस्य
   पिता–स्व0 जगन्नाथ ऋषि
5. श्री अशोक कुमार मंडल – सदस्य
   पिता–स्व0 बिंरची मंडल
6. महंत भूदेव गोस्वामी –महंथ/पुजारी
7. थानाध्यक्ष, रूपौली – सदस्य

सभी ग्राम–गैदूहा, पो0–झलारी, थाना–रूपौली, जिला–पूर्णियॉ।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि **''कबीर पंथी मठ, झलाडी पट्टी मठ, ग्राम– गैदुहा''**के नाम में किसी प्रकार का काई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/ पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि मठ की उपरोक्त सम्पत्ति जो सिलिंग के पश्चात् बची हुई है, उस सारी सम्पत्ति की बन्दोबस्ती करने का अधिकार उपरोक्त न्यास समिति को होगा और न्यास समिति महंत जी के साथ मिलकर प्रतिवर्ष भूमि की बंदोबस्ती करेंगे और उसका आय–व्यय का हिसाब रखेंगे और पर्षद को प्रतिवर्ष शुल्क देंगे तथा मठ की भूमि सभी प्रकार के स्थायी या अस्थायी निर्माण, क्रय–विक्रय परा रोक है और उस संबंध में विभिन्न पदाधिकारियों को कार्रवाई व सूचना देने के लिए अधिकृत रहेंगे। 01 वर्ष के पश्चात् समिति के कार्यवाही से संतुष्ट होने पर कार्यकाल वृद्धि करने पर विचार किया जायेगा।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

सूचना

No. 655––I, Dayanand Tiwari S/o late Kapil Deo Tiwari, Village-Chhewari, P.S.-Ramgarh, Distt-Kaimur. Affidavit No.-3513 date 12.04.2023, I declare that Tripathi Mayank Shandilya is my own son and he passed matriculation C.B.S.E Board in the year 2022. Vide his Roll No. 22141404, Reg. No. P122/65107/0005. That my true and correct name is Dayanand Tiwari but in my aforesaid son's all Matriculation Certificate my name mention "Tripathi Dayanand Shandilya" which is wrong and incorrect the correct name is Dayanand Tiwari.

Dayanand Tiwari.

No. 684––I, Sanjay Kumar Singh S/o Durga Singh R/o Hariom Shadi Card, KadamKuan, Patna-800023 Bihar do hereby solemnly affirm and declare as per Affidavit No. 297 dated 24.04.23 That my name is mentioned in my voter ID Card No. AFS0364992 As Sanjay Kumar which is wrong. My correct name as per Aadhar No.-7687 2900 5182 is Sanjay Kumar Singh. Sanjay Kumar Singh and Sanjay Kumar is same person and from now I will be known as Sanjay Kumar Singh for all future purposes.

Sanjay Kumar Singh.

No. 692––I, Reena Tiwari W/o Dayanand Tiwari, Village-Chhewari, P.S-Ramgarh, Distt.–Kaimur. Affidavit No.-3514 date 12.04.2023. I declare, that Tripathi Mayank Shandilya is my own son and he passed matriculation C.B.S.E Board in the year 2022. Vide his Roll No. 22141404, Reg. NO. P122/65107/0005. That my true and correct name is Reena Tiwari but in my aforesaid son's all Matriculation Certificate my name mention "Tripathi Reena Shandilya'' which is wrong and incorrect the correct name is Reena Tiwari.

Reena Tiwari.

———————

No. 693––I SAJID Ashraf, S/o Sharafat Hussain, Mohalla–Sarai Sattar Khan, Po+Ps-Laheria Sarai Darbhanga Bihar vide affi. No. 2923 dated 16.02.23, declare that my name Shajid ashraf in the certificate of my daughter Rafia Ashraf CBSE class 10 (Roll No. 22130547) while the my correct name is Sajid Ashraf.

SAJID Ashraf.

———————

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 12—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

बिहार गजट
का
पूरक(अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं0 कारा/नि0को0(अधी0)–01–41/2021––4675
कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
गृह विभाग (कारा)

संकल्प
1 जून 2023

श्री राकेश कुमार, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, सीवान सम्प्रति अधीक्षक, मंडल कारा, सासाराम के विरूद्ध उनके मंडल कारा, सीवान में पदस्थापन के दौरान दिनांक–20.08.2019 को मंडल कारा, सीवान के विचाराधीन बंदी लाल बहादुर प्रसाद, पे0–बलीराम प्रसाद की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हुई मृत्यु की घटना में बरती गई लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता के प्रतिवेदित आरोपों के लिए गठित प्रपत्र 'क' के आलोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–8671 दिनांक–17.08.2022 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है, जिसके संचालन हेतु आयुक्त, सारण प्रमण्डल, छपरा को संचालन पदाधिकारी तथा अधीक्षक, मंडल कारा, सीवान को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. विभागीय कार्यवाही के जाँचोपरान्त संचालन पदाधिकारी–सह–आयुक्त, सारण प्रमण्डल, छपरा के पत्रांक–332 दिनांक–16.02.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जिसमें संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध प्रपत्र 'क' में गठित सभी 04 आरोपों को अप्रमाणित प्रतिवेदित किया गया है।

3. संचालन पदाधिकारी सह–आयुक्त, सारण प्रमण्डल, छपरा से प्राप्त उक्त जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गई। समीक्षोपरान्त बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–18(2) में निहित प्रावधान के तहत संचालन पदाधिकारी के निष्कर्ष से असहमति के बिन्दु अभिलेखित किये गये। बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–18(3) के प्रावधान के तहत विभागीय ज्ञापांक–3455 दिनांक–26.04.2023 द्वारा उक्त जाँच प्रतिवेदन की छायाप्रति संलग्न करते हुए संचालन पदाधिकारी के निष्कर्ष से असहमति के अभिलेखित बिन्दुओं पर आरोपित पदाधिकारी श्री राकेश कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, सीवान सम्प्रति मंडल कारा, सासाराम से पन्द्रह (15) दिनों के अन्दर द्वितीय कारण पृच्छा/लिखित अभ्यावेदन की मांग की गई।

4. तद्आलोक में श्री राकेश कुमार, अधीक्षक, मंडल कारा, सासाराम द्वारा पत्रांक–1496 दिनांक–03.05.2023 के माध्यम से द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब समर्पित किया गया है, जिसमें उनका कहना है कि दिनांक–18.08.2019 को विचाराधीन बंदी लाल बहादुर प्रसाद, पे0–बलीराम प्रसाद माननीय न्यायालय, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–विशेष न्यायाधीश (उत्पाद), सीवान, धारा–47 (ए), बिहार उत्पाद अधिनियम–2016 के अन्तर्गत मंडल कारा, सीवान में प्रवेश पाया। दिनांक–18.08.2019 को कारा प्रवेश के समय बंदी लाल बहादुर प्रसाद, पे0–बलीराम प्रसाद का कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 मनोज कुमार द्वारा Health Screening किया गया। Health Screening में उल्लेखित है कि बंदी लाल बहादुर प्रसाद कारा प्रवेश के समय Chronic Alcoholic एवं विगत दो दिनों से उसे दस्त, उल्टी एवं चक्कर आने की समस्या से ग्रसित था। साथ ही उक्त बंदी Bilateral termer in both upper and lowerlimb से ग्रसित था। बंदी के उपरोक्त रोगों से ग्रसित होने के बावजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 मनोज कुमार द्वारा दिनांक–18.08.2019 को बंदी लाल बहादुर प्रसाद, पे0–बलीराम प्रसाद का Health Screening करने के पश्चात् भी बंदी को कारा अस्पताल में भर्ती कर इलाज नहीं किया गया और न ही चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा उक्त बंदी को नशा मुक्ति केन्द्र भेजने से संबंधित/कारा अस्पताल में भर्ती एवं इलाज से संबंधित किसी प्रकार का दिशा–निर्देश व मिनट ही किया गया। चिकित्सक द्वारा किसी प्रकार का निदेश नहीं रहने के कारण बंदी को नियमानुसार उस दिन वार्ड नं0–21 (आमद वार्ड) में रखा गया।

आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि दिनांक–19.08.2019 को सुबह लगभग 06:45 बजे पूर्वाह्न से 07:45 बजे पूर्वाह्न तक कारा चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 अरूण कुमार कारा अस्पताल में

उपस्थित थे, परन्तु उनके द्वारा भी उक्त बंदी लाल बहादुर प्रसाद का इलाज एवं नशामुक्ति केन्द्र भेजने से संबंधित किसी भी प्रकार की अनुशंसा व दिशा–निर्देश नहीं दिया गया। दिनांक–19.08.2019 को पुनः चिकित्सक डॉ0 मनोज कुमार द्वारा सुबह लगभग 11:05 बजे पूर्वाह्न से 04:45 बजे अपराह्न तक कारा अस्पताल में उपस्थित थे। उसी क्रम में बंदी लाल बहादुर प्रसाद को स्वास्थ्य में कुछ तकलीफ होने के उपरान्त चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 मनोज कुमार द्वारा उक्त बंदी को कारा अस्पताल में भर्ती कर इलाज चलाया गया, परन्तु उपरोक्त अवधि में चिकित्सक द्वारा बंदी को बेहतर इलाज हेतु नशामुक्ति केन्द्र, सदर अस्पताल, सीवान भेजने हेतु अनुशंसा नहीं किया गया। दिनांक–19.08.2019 को पुनः चिकित्सक डॉ0 मनोज कुमार संध्या में लगभग 5:20 बजे अपराह्न से 7:15 बजे अपराह्न रात्रि तक कारा अस्पताल में उपस्थित हुए। तत्पश्चात् चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 मनोज कुमार द्वारा रात्रि में उक्त बंदी लाल बहादुर प्रसाद को बेहतर इलाज हेतु नशामुक्ति केन्द्र, सदर अस्पताल, सीवान भेजने हेतु साधारण चिकित्सीय अनुशंसा किया गया। वैसी स्थिति में कारा से बाहर किसी भी संस्थान में भेजने हेतु माननीय न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता होती है। उक्त के आलोक में उनके (आरोपित पदाधिकारी) द्वारा कारा चिकित्सक एवं कारा परिधापक से उक्त बंदी के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लिया गया, कारा अस्पताल के पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा यह बताया गया कि बंदी का इलाज कारा अस्पताल में किया जा रहा है। उक्त बंदी का स्वास्थ्य सामान्य है। यदि कोई विशेष परिस्थिति बनती है, तो बंदी को प्राणरक्षार्थ चिकित्सीय अनुशंसा किया जायेगा।

आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि दिनांक–19.08.2019 को चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 मनोज कुमार द्वारा उक्त बंदी को नशामुक्ति केन्द्र, सदर अस्पताल, सीवान भेजने हेतु प्राणरक्षार्थ चिकित्सीय अनुशंसा नहीं किये जाने एवं चिकित्सक द्वारा बंदी की स्थिति सामान्य बताये जाने के कारण बंदी को नशामुक्ति केन्द्र, सदर अस्पताल, सीवान नहीं भेजा जा सका। दिनांक–20.08.2019 को लगभग 10:00 बजे पूर्वाह्न में कारा चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 अरूण कुमार के द्वारा बताया गया कि तीन बंदी लाल बहादुर प्रसाद, चिन्ता साह एवं रामा बिन्द, जो दिनांक–18.08.2019 को एक साथ कारा प्रवेश पाये हैं, जो पागलों की तरह हरकत कर रहे हैं, उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। तत्पश्चात् कारा चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा उक्त तीनों बंदियों को प्राणरक्षार्थ सदर अस्पताल, सीवान भेजने हेतु अनुशंसा की गई। उक्त के आलोक में कारा प्रशासन द्वारा बिना विलंब किये हुए नियमानुसार उक्त तीनों बंदियों को सदर अस्पताल, सीवान लगभग 10:30 बजे तक भेज दिया गया, जहाँ बंदी को भर्ती कर इलाज किया गया। बंदी लाल बहादुर प्रसाद लगभग 12 घण्टे सदर अस्पताल, सीवान में भर्ती होकर इलाजरत थे तथा उनकी मृत्यु लगभग 11:45 बजे रात्रि में हो गई। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उनके द्वारा बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–218, 796 (i), (ii) का उल्लंघन नहीं किया गया।

आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि कारा हस्तक के नियम–218 में उल्लेखित है कि ''कारा चिकित्सक के एडवाईस पर माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर सदर अस्पताल भेजा जाना होता है'', परन्तु दिनांक–19.08.2019 को संध्या में जब सदर अस्पताल, सीवान साधारण रेफर किया गया था, तो माननीय न्यायालय से उसी दिन अनुमति प्राप्त करना संभव नहीं था। साथ ही कारा हस्तक के नियम 218 में यह भी उल्लेखित है कि ''कारा चिकित्सक के एडवाईस, ईमरजेन्सी की स्थिति में भेजने हेतु की जाती है तो इस पर तुरन्त नजदीकी अस्पताल में प्राणरक्षार्थ कारा प्रशासन द्वारा भेजा जाना है। बंदी को अस्पताल भेजने के उपरांत माननीय न्यायालय से औपचारिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जाती है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि दिनांक–20.08.2019 के पूर्वाह्न 10:00 बजे कारा चिकित्सक के द्वारा बंदी को प्राणरक्षार्थ भेजने हेतु अनुशंसा की गई, उक्त के आलोक में कारा प्रशासन द्वारा बिना विलंब किये उक्त बंदियों को सदर अस्पताल, सीवान भेज दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि कारा हस्तक नियम–218 के आलोक में उक्त बंदियों को चिकित्सकीय एडवाईस के पश्चात् कारा प्रशासन द्वारा तुरन्त अस्पताल भेजने हेतु कार्रवाई की गई है। दिनांक–20.08.2019 को लगभग 12 घण्टे तक बेहतर इलाज हेतु बंदी लाल बहादुर प्रसाद के सदर अस्पताल में इलाजरत् रहने के पश्चात् उनकी मृत्यु हो गई। साथ ही कारा चिकित्सक के द्वारा भी उक्त बंदी लाल बहादुर प्रसाद को कारा अस्पताल में (दिनांक–19.08.2019 से 20.08.2019) तक भर्ती कर लगभग 24 घण्टे तक इलाज किया गया। उक्त बंदी को चिकित्सकीय एडवाईस के अनुसार ही कारा प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही उनके द्वारा नहीं बरती गई है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उन्हें द्वितीय कारण पृच्छा से मुक्त करने की कृपा की जाय।

5. आरोप पत्र, संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन एवं संचालन पदाधिकारी के निष्कर्ष से असहमति के अभिलेखित बिन्दुओं के आलोक में श्री राकेश कुमार द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गई, जिसमें पाया गया कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में स्वीकार किया गया है कि मृतक बंदी लाल बहादुर प्रसाद के कारा प्रवेश के समय किये गये Health Screening में Chronic Alcoholic एवं विगत दो दिनों से उसे दस्त, उल्टी एवं चक्कर आ रहा था। साथ ही उक्त बंदी Bilateral termer in both upper and lowerlimb से ग्रसित था। कारा चिकित्सक द्वारा दिनांक–19.08.2019 को उक्त बंदी को नशा मुक्ति केन्द्र भेजे जाने की अनुशंसा मिनट बुक पर किये जाने के उपरांत भी आरोपित पदाधिकारी द्वारा उसे तुरन्त सदर अस्पताल नहीं भेज कर एक दिन विलम्ब से सदर अस्पताल भेजा गया, जहाँ इलाज के अभाव के कारण बंदी की मृत्यु हो गई। आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में उल्लेख किया गया है कि कारा चिकित्सक द्वारा दिनांक–19.08.2019 को मृतक बंदी के इलाज एवं नशा मुक्ति केन्द्र भेजने से संबंधित किसी प्रकार की अनुशंसा व दिशा–निर्देश नहीं दिया गया, जबकि विभाग स्तर पर गठित द्विसदस्यीय जाँच दल द्वारा जाँच में यह पाया गया है कि मृतक बंदी के कारा प्रवेश के समय कारा चिकित्सक द्वारा दिनांक 19.08.2019 को प्रातः में कारा अस्पताल में रखकर लक्षण के आधार पर इलाज प्रारम्भ किया गया एवं उसी दिन दिनांक–19.08.2019 को ही नशामुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल, सीवान भेजने की अनुशंसा की गई थी। इस प्रकार

आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने जवाब में गलत बयानी की गई है। कारा चिकित्सक द्वारा दिनांक–19.08.2019 को नशा मुक्ति केन्द्र भेजे जाने की अनुशंसा किये जाने के बावजूद आरोपित पदाधिकारी द्वारा उक्त बंदी को उस दिन सदर अस्पताल नहीं भेजकर एक दिन विलंब से दिनांक–20.08.2019 को भेजा गया।

आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में उल्लेख किया गया है कि दिनांक–19.08.2019 को चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 मनोज कुमार द्वारा उक्त बंदी को नशामुक्ति केन्द्र, सदर अस्पताल, सीवान भेजने हेतु प्राणरक्षार्थ चिकित्सीय अनुशंसा नहीं किये जाने एवं चिकित्सक द्वारा बंदी की स्थिति सामान्य बताये जाने के कारण बंदी को नशामुक्ति केन्द्र, सदर अस्पताल, सीवान नहीं भेजा जा सका। जबकि विभाग स्तर पर गठित द्विसदस्यीय जाँच दल के समक्ष आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने लिखित बयान में अंकित किया गया है कि ''दिनांक–19.08.2019 के अपराह्न में मृतक बंदी सहित तीनों बंदियों को कारा चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर किया गया है, इस पर उन्होंने ड्रेसर से तीनों बंदियों का हाल–चाल पूछा, परन्तु उस समय तक उक्त बंदी सीरियस नहीं था।'' इस प्रकार स्पष्ट है कि कारा चिकित्सक द्वारा दिनांक–19.08.2019 को ही मृतक बंदी को बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया था, किन्तु आरोपित पदाधिकारी द्वारा एक दिन विलम्ब से बंदी को सदर अस्पताल भेजा गया, परिणामस्वरूप इलाज के अभाव में बंदी लाल बहादुर प्रसाद की असामयिक मृत्यु हो गई। आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में उल्लेख किया गया है कि दिनांक–19.08.2019 को संध्या में जब सदर अस्पताल, सीवान साधारण रेफर किया गया था, तो माननीय न्यायालय से उसी दिन अनुमति प्राप्त करना संभव नहीं था, जबकि बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–218 में निहित प्रावधान के अनुसार आपात स्थिति में बंदियों को चिकित्सा पदाधिकारी के परामर्श और अनुशंसा पर उसके प्राण बचाने के लिए उपलब्ध सुरक्षा में सबसे नजदीक के सक्षम अस्पताल में भेजा जायेगा, परन्तु अधीक्षक, जिला मैजिस्ट्रेट/संबद्ध न्यायालय से यथा संभव शीघ्र स्वीकृति प्राप्त कर लेगा।

आरोपित पदाधिकारी द्वारा बंदी को तुरन्त इलाज हेतु सदर अस्पताल नहीं भेजा गया, जिस कारण विचाराधीन बंदी लाल बहादुर प्रसाद की इलाज के अभाव में असामयिक मृत्यु हुई है। उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध गठित आरोप, संचालन पदाधिकारी का निष्कर्ष, संचालन पदाधिकारी के निष्कर्ष से असहमति के अभिलेखित बिन्दु एवं आरोपित पदाधिकारी द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब तथा उपलब्ध साक्ष्य/अभिलेख के परिशीलन से स्पष्ट है कि आरोपित पदाधिकारी मृतक बंदी को एक दिन विलंब से अस्पताल भेजे जाने के लिए आंशिक रूप से दोषी हैं। अतः आरोपित पदाधिकारी का द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब स्वीकार करने योग्य नहीं है।

6. वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री राकेश कुमार, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, सीवान सम्प्रति अधीक्षक, मंडल कारा, सासाराम के द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब को अस्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 (i)/(v) के प्रावधानों के तहत उनके विरूद्ध निम्नांकित दंड अधिरोपित किया जाता है :–

(i) **निन्दन**।

(ii) **असंचयी प्रभाव से एक (01) वेतनवृद्धि पर रोक का दण्ड।**

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रजनीश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव–सह–निदेशक (प्र0)।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 12—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in